RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 | अंक : 255

पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 09 जनवरी, 2024

## एक नज़र

### 'बालाकोट हमले के बाद क्रूमोदी से बात करना चाहते थे इमरान खान', पूर्व राजनयिक ने किताब में किया जिक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिसारिया ने अपनी किताब में लिखा है कि पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना चाहते थे। हमले के बाद मुझे नई दिल्ली में पदस्थ पाकिस्तानी उच्चायुक्त सोहेल महमूद का फोन आया था।

पाकिस्तान और भारत के बीच लंबे समय से खींचतान जारी है। इस बीच भारत सरकार ने पूर्व राजनयिक के एक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बता दें, भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा था कि बालाकोट हमले के बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव को कम करने के लिए हम उप मंत्री भेज सकते हैं। चीन ने भी ऐसा ही कुछ सुझाव दिया था।

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित भारतीय उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत अजय बिसारिया ने अपनी आगामी किताब में लिखा है कि विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी के लिए भारत वायुसेना का एक विमान पाकिस्तान में भेजने के लिए तैयार था, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इनकार कर दिया था। इसके एक दिन पहले पाकिस्तान ने बालाकोट में हवाई हमला किया था। इस दौरान भारत की जवाबी कार्रवाई में उन्होंने अभिनंदन को पकड़ लिया था।

बिसारिया ने अपनी किताब में लिखा है कि पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना चाहते थे। हमले के बाद मुझे नई दिल्ली में पदस्थ पाकिस्तानी उच्चायुक्त सोहेल महमूद का फोन आया था। उन्होंने बताया था कि खान पीएम मोदी से बात करने के इच्छुक हैं। मैंने नई दिल्ली में बात की तो पता चला कि पीएम मोदी फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। अगर कोई अहम संदेश है तो वह मुझे बता सकते हैं। इसके बाद से अब तक मुझे कोई कॉल नहीं आया। पूरी घटना के दौरान भारत की कूटनीति प्रभावी रही। पाकिस्तान और दुनिया को भारत से ही उम्मीदें थी।

# बिलकीस के दोषियों की सजा माफी रद्द

## गर्भवती की पिटाई, सामूहिक दुष्कर्म, मासूम को पटक कर मार डाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए दोषियों की सजा माफी रद्द कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को अब फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जहां अपराधी के खिलाफ मुकदमा चला और सजा सुनाई गई, वही राज्य दोषियों की सजा माफी का फैसला कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा दोषियों की सजा माफी का फैसला गुजरात सरकार नहीं कर सकती बल्कि महाराष्ट्र सरकार इस पर फैसला करेगी। गौरतलब है कि बिलकिस बानो मामले की सुनवाई महाराष्ट्र में हुई। कोर्ट ने ये भी कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था। सुप्रीम कोर्ट ने सभी



11 दोषियों को अगले दो हफ्ते में जेल अथॉरिटी के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों की सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। गुजरात सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट आज अपना फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई की और 12 अक्तूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत साल 2022 में बिलकिस बानो से गैंगरेप और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें जेल से रिहा कर दिया था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। इन दोषियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने साल 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी अपनी मुहर लगाई थी। उम्रकैद की सजा पाए दोषी को 14 साल जेल में ही बिताने होते हैं। उसके बाद अपराध की प्रकृति, जेल में व्यवहार और अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए सजा घटाने या रिहाई पर विचार किया जा सकता है। बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषी जेल में 15 साल बिता चुके हैं। जिसके बाद दोषियों ने सजा में रियायत की गुहार लगाई थी। जिस पर गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत इन 11 दोषियों को जेल से रिहा कर दिया। गुजरात सरकार के इस फैसले के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गईं। पहली याचिका में दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। वहीं दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए गए आदेश पर पुनर्विचार की मांग की गई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई का फैसला गुजरात सरकार करेगी।

याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार ने दोषियों की रिहाई के फैसले का बचाव किया था और कहा कि दोषियों ने दुर्लभतम अपराध नहीं किया है और उन्हें सुधार का एक मौका दिया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि रिहाई में छूट का फायदा सिर्फ बिलकिस बानो के दोषियों को क्यों दिया गया? बाकी कैदियों को ऐसी छूट क्यों नहीं दी गई? साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है? इस पर दोषियों के वकील ने माना कि दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार नहीं है।

### कौन हैं बिलकिस बानो?

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आग लगा दी गई थी। इस घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। आगजनी की इस घटना के बाद गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों की चपेट में आए कई परिवारों में एक बिलकिस बानो का भी परिवार था। गोधरा कांड के चार दिन बार तीन मार्च 2002 को बिलकिस के परिवार को बेहद क्रूरता का सामना करना पड़ा। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकिस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे। दंगाइयों ने बिलकिस के परिवार के सात लोगों को मौत के घाट उतारा दिया था।

### साढ़े तीन साल की मासूम को पत्थर पर पटक-पटकर मार डाला

पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई के दौरान बिलकिस बानो के वकील ने दर्दनाक घटना का बखान किया था। उनकी ओर से पेश वकील शोभा गुप्ता का कहना था कि यह एक आकस्मिक घटना नहीं थी, दोषी उनका पीछा कर रहे थे। दोषी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि वे कहां छिपे हुए हैं। वे खून के प्यासे थे। वकील ने अदालत को बताया कि जब बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं, तब उनके साथ कई बार क्रूरतापूर्वक सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी को चट्टान पर पटक कर मार डाला गया था। वकील ने कहा कि वह हमलावरों से गुहार लगाती रहीं लेकिन उन्होंने उन पर या उनके परिवार पर कोई दया नहीं दिखाई।

## रहीमाबाद पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की विधानसभा मलिहाबाद के अंतर्गत रहीमाबाद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर नन्हें बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा आवास की चाभी, आयुष्मान कार्ड व अनेक योजनाओं के प्रतीकात्मक पत्र लाभार्थियों को वितरित किए। आपको बता दें कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मोदी के गारंटी योजना की उपलब्धि को बताते कहा कि भगवान 550 साल बाद राम मंदिर बनने से कई विपक्षी पार्टियों को पेट में हाजमा हो गया है, वे लोग अच्छे डाक्टर से दवा लें, ऐसे लोग बनावटी राम भक्त बन गए हैं, यह कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर बहुत अत्याचार और अपमानित किया है। यह केवल राम मंदिर ही नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है। उन्हें वह दिन भूल गया जब उन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाई थी। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में



दंगे होते थे। आज विकास हो रहा है। सड़क का काम तेजी से हो रहा है। भारत संकल्प यात्रा मोदी जी की गारंटी की गाड़ी है। जिसमें सभी के सहयोग से 2024 में 400 के पार का लक्ष्य है और इसी के साथ मोदी सरकार की हैट्रिक भी लगेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक व्यक्ति की हर समस्या के समाधान की यात्रा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी,हर समस्या के समाधान की गारंटी है। विकसित भारत के संकल्प के साथ, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, देश व प्रदेश के कोने-कोने में पहुंच रही है। अब आम लोगों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है। हर व्यक्ति इस यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित है। एक जगह जहां पर यात्रा खत्म होती है, वहां से दूसरे गांव, शहर के लोग इस यात्रा की अगुवाई करने लग जाते हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी% के सत्कार की भी एक बड़ी स्पर्धा चल रही है।विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएं। हमारा संकल्प, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उन्होने वहां लगे स्टाल का निरीक्षण किया और जरूरतमंद असहाय सैकड़ो लोगों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर एमएलसी सुभाष यदुवंशी, जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक जय देवी कौशल, ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा,मंडल संयोजक नेकपाल यादव, जिन्दौर प्रधान सतीश गोस्वामी, जय गोविंदा अवस्थी, संग्राम सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह,अनूप गुप्ता,अनिल सिंह, जिला पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सर्दी और कोहरे के चलते डीएम का आदेश, अभी दो दिन और बंद रहेंगे 8वीं तक के सभी स्कूल

एजेंसी

**मथुरा।**उत्तर भारत सर्दी और कोहरे की चपेट में है। मथुरा में धुंध की वजह से कई इलाकों में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। कंपकपाने वाली ठंड पड़ रही है। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे में सर्दी और कोहरे को देखते हुए मथुरा में नर्सरी से 8वीं तक के सभी स्कूलों में 9 और 10 जनवरी को प्रशासन ने अवकाश घोषित किया है। बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि सोमवार सुबह से लेकर शाम तक कोहरा छाया रहा। गलन भी काफी रही। इसके कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर दो दिन का अवकाश बढ़ाया गया है। आदेश न मानने वाले विद्यालय संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सोमवार को प्रशासन द्वारा छुट्टी न करने के आदेश के कारण छोटे बच्चों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं काफी संख्या में अभिभावकों ने बच्चों को कोहरा और गलन को देखते हुए विद्यालय ही नहीं भेजा।

मथुरा में दिनभर धुंध और शीतलहर कुछ ऐसा ही रहा सोमवार का मौसम। कोहरे के कारण ट्रेनें

## कांग्रेस के झांसे में नहीं आएंगे मतदाता

### मोदी की गारंटी से मिलेंगी सभी 28 लोकसभा सीटें



एजेंसी

**बंगलूरू।** बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि राज्य के मतदाता अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनकी पार्टी आगामी चुनावों में सभी 28 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सोमवार को कहा कि देश में भगवा पार्टी के समर्थन में लहर है और पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 28 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के बुद्धिजीवी लोग कांग्रेस पार्टी की नौटंकी की गारंटी के झांसे में नहीं आएंगे क्योंकि वे जानते हैं कि (पीएम नरेंद्र) मोदी की गारंटी सबसे अच्छी है। विजयेंद्र ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और अगर भाजपा अगला चुनाव जीतती है तो उनके नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अक्षमता के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से विफल रही है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 14 बजट पेश किए हैं। वह संसाधन जुटाने के मामले में पूरी तरह से विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में गंभीर सूखे की स्थिति और हाल के दिनों में पांच सौ किसानों की आत्महत्या के बावजूद राज्य सरकार ने पीड़ित लोगों को कोई मुआवजा नहीं दिया है। विजयेंद्र ने कहा कि राज्य के मतदाता अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनकी पार्टी आगामी चुनावों में सभी 28 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

## कानून तोड़ने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: डीजीपी



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना पर राज्य पुलिस ने सोमवार को बड़ा बयान दिया। पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने सोमवार को कहा, ईडी पर हमले के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुमार ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राशन घोटाले की जांच के दौरान पिछले शनिवार को ईडी के के तीन अधिकारियों पर हमला किया गया था। साथ ही उनके साथ मौजूद सुरक्षा गार्ड भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना वाले दिन जांच अधिकारियों की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई थी। इस घटना में स्थानीय तृणमूल नेता शेख शाहजहां के समर्थकों पर आरोप लगा है। राज्य के डीजीपी सोमवार को सुरक्षा मामलों का जायजा लेने के लिए गंगासागर मेले में पहुंचे थे। ईडी अधिकारियों के सवाल पर उन्होंने कहा, कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को राज्य के संवैधानिक प्रमुख और राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य के पुलिस प्रशासन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ईडी पर हमले की निंदा की थी। उन्होंने राज्य के पुलिस-प्रशासन से यह भी जवाब मांगा था कि लापता शाहजहां को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

## केंद्र और राज्य के कर्मियों ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर देशभर में शुरू की रिले हंगर स्ट्राइक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले सरकार को चेताने के लिए देशभर के सरकारी कर्मचारियों ने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक रिले हंगर स्ट्राइक शुरू की है। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा सहित कई एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर रिले हंगर स्ट्राइक में हिस्सा लिया। एआईडीईएफ और कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स सहित विभिन्न फेडरेशन और एसोसिएशन इस हंगर स्ट्राइक में भाग ले रही हैं।

सरकारी कर्मचारी, पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विभिन्न चरणों में आंदोलन कर रहे हैं। इसी के तहत रामलीला मैदान में रैली और धरने प्रदर्शन हुए हैं। कर्मचारियों ने सरकार को चेताया है कि इस मुद्दे पर देश में अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है। इस हड़ताल के लिए देश के दो बड़े कर्मचारी संगठन,




रेलवे और रक्षा (सिविल) ने अपनी सहमति दी है। स्ट्राइक बैलेट में रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी, हड़ताल के पक्ष में है। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जनवरी में हड़ताल की तिथि की घोषणा की जाएगी। इससे पहले देशभर के सरकार कर्मचारी, रिले हंगर स्ट्राइक पर बैठेंगे। यह स्ट्राइक सरकार को चेताने के लिए है। एनजेसीए के पदाधिकारियों का कहना है, सरकारी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में बहुत जल्द अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो सकती है। इस हड़ताल की स्थिति में रेल थम जाएंगी और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों में कामकाज बंद हो जाएगा। इसके चलते केंद्र में ही नहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों में भी सरकारी कामकाज प्रभावित होगा। केंद्र और राज्य सरकार के विभागों, संगठनों एवं प्रतिष्ठानों के सामने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक हो रही %रिले हंगर स्ट्राइक%, अनिश्चितकालीन हड़ताल का ही पहला चरण है। विभिन्न कर्मचारी संगठन, भूखे रह कर सरकार से %पुरानी पेंशन बहाली% की मांग करेंगे। रिले हंगर स्ट्राइक में एक निर्धारित अवधि के बाद कर्मियों की दूसरी टोली, भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचेगी। कर्मचारी संगठनों की एक ही मांग है, गारंटीकृत पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली। केंद्र सरकार ने इस बाबत एक कमेटी का गठन किया है। हालांकि उसमें ओपीएस का कहीं भी जिक्र नहीं है। कमेटी, केवल एनपीएस में सुधार को लेकर अपनी रिपोर्ट देगी। पिछले संसद सत्र में लोकसभा सदस्य नव कुमार सरनीया, दीपक बैज और कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया था कि ओपीएस बहाली को लेकर केंद्र सरकार के विचाराधीन कोई प्रस्ताव नहीं है।

शिव गोपाल मिश्रा के मुताबिक, ओपीएस पर केंद्र और सरकार के कर्मचारी लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने रामलीला मैदान में रैलियां की हैं। सरकार के समक्ष कई प्लेटफॉर्म के माध्यम से ओपीएस की मांग उठाई गई है। हमने सरकार को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि कर्मचारियों को ओपीएस के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है। सरकार को एनपीएस खत्म करना होगा और गारंटीकृत पुरानी पेंशन योजना बहाल करनी पड़ेगी। ओपीएस एक गैर राजनीतिक मुद्दा है। केंद्र या राज्यों में सरकार चाहे जिस भी दल की हो, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। ज्वाइंट फोरम में केंद्रीय संगठनों के अलावा राज्यों के भी 36 संगठन भी शामिल हैं।

ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद %जेसीएम% के सचिव शिवगोपाल मिश्रा के मुताबिक, लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है। कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने कहा, केंद्र सरकार को पुरानी पेंशन योजना लागू करनी होगी। एनपीएस का पैसा, पेंशन फंड एंड रेगुलेटरी अथारिटी (पीएफआरडीए) के पास जमा है। नई पेंशन योजना एनपीएस के अंतर्गत केंद्रीय मद में जमा यह पैसा राज्यों को नहीं दिया जा सकता। वह पैसा केवल उन कर्मचारियों के पास जाएगा, जो इसका योगदान कर रहे हैं। ओपीएस लागू करने से पहले पीएफआरडीए में संशोधन करना पड़ेगा। कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स ने सरकार के समक्ष बड़े स्तर पर यह मांग उठाई है। इस बाबत नवंबर में रामलीला मैदान में कन्फेडरेशन ने एक विशाल रैली भी आयोजित की थी।

### 18 साल बाद रिटायर हुए कर्मी को मिली इतनी पेंशन

**नई दिल्ली।** शिव गोपाल मिश्रा का कहना है कि एनपीएस में कर्मियों जो पेंशन मिल रही है, उतनी तो बुढ़ापा पेंशन ही है। एनपीएस स्कीम में शामिल कर्मी, 18 साल बाद रिटायर हो रहे हैं, उन्हें क्या मिला है। एक कर्मी को एनपीएस में 2417 रुपये मासिक पेंशन मिली है, दूसरे को 2506 रुपये और तीसरे कर्मी को 4900 रुपये प्रतिमाह की पेंशन मिली है। अगर यही कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में होते तो उन्हें प्रतिमाह क्रमश- 15250 रुपये, 17150 रुपये और 28450 रुपये मिलते। एनपीएस में कर्मियों द्वारा हर माह अपने वेतन का दस फीसदी शेयर डालने के बाद भी उन्हें रिटायरमेंट पर मामूली सी पेंशन मिलती है।

# महमूदाबाद न्यू नेशनलहॉस्पिटल में पड़ा स्वास्थ्य विभाग छापा

द अचीवर टाइम्स सुशील अवस्थी ,दिलीप मिश्रा



महमूदाबाद-सीतापुर। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत क्षेत्र में कार्यरत कई आशा बहुओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों के संचालको के साथ सांठ-गांठ करके विशेष कर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह न देकर प्राइवेट अस्पतालों में विशेष सुविधाये मिलने का प्रलोभन देकर उन्हें वहां ले जाकर इलाज करने की सलाह देती हैं। मरीज के तीमारदार जब आशा बहू के बताये गए अस्पताल में मरीज लेकर पहुंचते हैं तो वहां पर उनका भारी दोहन करके चार गुना पैसा वसूल किया जाता है। दोहन का एक कारण यह भी है कि मरीज भेजने वाली आशा बहू को कम से कम रुपये 5000 से रुपये10000 तक का प्रति मरीज पर कमीशन देना भी बताया जाता है। सरकारी स्वास्थ्य महकमे को कौन सी आशा बहू किस प्राइवेट अस्पताल के टच में है इसके लिए खुफिया तरीके से जांच किया जाना भी नितान्त आवश्यक है। प्राइवेट अस्पताल संचालकों द्वारा उनके अस्पताल में मरीज पहुंचने अथवा भेजने वाली आशा बहू का विशेष ख्याल रखा जाता है जिसमें समय-समय पर अस्पतालों के संचालकों द्वारा उन्हें तरह-तरह के पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। आशा बहुओ में प्राइवेट अस्पतालों की ओर का रुझान यह स्पष्ट करता है कि उन्हें मरीज लाने की एवंज में भारी कमीशन व गिफ्ट प्राप्त कराये जाते है जबकि यदि मरीज को आशा बहुएं सरकारी अस्पताल लाती हैं तो उन्हें वहां से कुछ भी नहीं मिलता है। एक आशा बहु ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरीज को आशा बहुए अक्सर यह बताती हैं कि सरकारी अस्पताल में ठीक से उपचार नहीं किया जाएगा और वहां समय से डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं मिलेगी जबकि प्राइवेट में हर सुविधा हर समय उपलब्ध रहेगी इस प्रकार मरीज या उनके तीमारदार आशा बहुओं के झांसे में आकर प्राइवेट अस्पतालों की ओर रुख कर लेते हैं अभी गत दिवस स्थानीय सिधौली रोड पर स्थित न्यू नेशनल हॉस्पिटल में बाकायदा आशा बहुओं की एक मीटिंग की जा रही थी सूत्रों के मुताबिक मीटिंग करने का तात्पर्य ज्यादा से ज्यादा मरीजों को यहां लाने के संबंध में की गई थी। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिस आशा बहू ने ज्यादा से ज्यादा मरीज अस्पताल को भेजें उनको विशेष पुरस्कार दिया जाना प्रस्तावित था जबकि पुरस्कार सभी को दिया जाना प्रस्तावित था। इसी बीच प्राइवेट अस्पताल संचालक से क्षुब्ध किसी आशा बहू ने मीटिंग की खबर को लीक कर दिया खबर लीक होने पर महमूदाबाद की मीडिया जगत में आए नए पत्रकार के पास मीटिंग सम्बन्धी जानकारी पहुंचाई गई। इसके पश्चात इस मामले की जानकारी सीएचसी अधीक्षक महमूदाबाद को दी गई, सीएचसी अधीक्षक ने आनन फानन में उक्त नेशनल अस्पताल पहुंचकर छापा मारा, जहां उन्हें कई आशा बहुए उपहार लिए हुए मौजूद मिली हालांकि प्राप्त एक विजुअल के मुताबिक बगैर किसी मीटिंग के आशा बहुएं उस में जांच चल रही है जबकि समस्त मौजूद आशा बहुओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है अधीक्षक ने जारी नोटिस में यह भी लिखा है कि आशा बहुओ का और उक्त प्राइवेट अस्पताल का आपस में गहरा तालमेल है और आशा बहुओं को धन का लाभ देकर डिलीवरी कराई जा रही है और इसी कारण से महमूदाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डिलीवरी प्रभावित हो रही है और मरीजो का दोहन किया जा रहा है उन्होंने दी गई नोटिस के जवाब में आशा बहुओं द्वारा दिए गए जवाब में स्पष्टीकरण यदि संतोषजनक न पाया गया तो आशा बहुओं के विरुद्ध ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से उन्हें निकलवाने की कार्रवाई करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि न्यू नेशनल अस्पताल रजिस्टर्ड है उन्हें चेतावनी दी गई है कि पैनल में रजिस्टर्ड चिकिसकों द्वारा ही अस्पताल में मरीज से इलाज संबंधित कार्य किया जाए अन्यथा की दशा में अस्पताल संचालक के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# थाना रोजा पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते चार नफर दो बाल अपचारी शांति कर एक आदत देसी तमंचा में चोरी करने के समान सहित रंगे हाथ गिरफ्तार किया

द अचीवर टाइम्स फसाद खान



**शाहजहांपुर।** अशोक कुमार मीणा पुलिस सिलेक्शन शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन सुधीर जायसवाल पुलिस अधीक्षक नगर अमित चौरसिया क्षेत्राधिकार सदर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे थे चोरों एवं चोरी को रोकने अवैध शास्त्र एवं इसका निर्माण तथा बिक्रिय अवैध हथियार के दुरुपयोग को रोकने हेतु साधन अभियान के क्रम थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा जगह-जगह छापेमारी कर कर नफर दो नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया थाना रोजा पुलिस टीम को सूचना मिली की चार लोग बलिया प्राइमरी स्कूल के पीछे मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते कब्रिस्तान की दीवार के पीछे बिजली के खंभे के पास बैठे हैं और चोरी की फ्रॉक में हैं और उनके पास नाजायज असला भी हैं प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में रोजा पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक बड़ी दबिश देकर घेर घोटकर बैठे हुए थे 04 शातिर चोरों को ग्राम वल्लीया कब्रिस्थान की दीवार बिजली के खंभे के पास रात्रि करीब 04 बजे पकड़ लिया पकड़े गए चारों व्यक्तियों में से दो लड़के 18 वर्ष के काम प्रतीत हो रहे उनके सम्मान अलग खड़ा किया गया कुंदन उर्फ अजय आंख नाक कद औसत रंग गेहुंआ मजबूत जिस्म उम्र करीब 19 बारह वर्ष 2. मोहित पुत्र पप्पू उपरोक्त आंख नाक कान कद औसत रंग सांवला इकरहा जीरग उम्र करीब 19 वर्ष 3. फारूक काल्पनिक नाम 4. अंकित काल्पनिक को गिरफ्तार किया गिरफतार शुदा अभिउक्तगणो से दो नफर बाल अपचारी एक देशी नाजायज तमंचा 12 बोर व एक कारतूस जिंदा 12 बोर ब एक चाकू नाजायज एक बैटरी टार्च गुलाबी रंग की ब दो लोहे की राड करीब तीन तीन फूड के साथ गिरफ्तार किया गया सभी अभिउक्तगणों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कानूनी कार्यवाही की जा रही गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक इरफान अली, हेड कांस्टेबल98 ओमकार सिंह कांस्टेबल 843 राजन कुमार कांस्टेबल 2721 मनीष कुमार।

# एक नज़र

## उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय जयदेवी कौशल ने महिलाओं बुजुर्गो को कम्बल वितरित किए

**द अचीवर टाइम्स/निखिल मिश्रा**



**मलिहाबाद।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ मलिहाबाद तहसील सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल ने महिलाओं बुजुर्गो को कम्बल वितरित किए।इस मौके पर तहसील क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों के लगभग 750 से अधिक जरूरतमंदों तथा पात्र कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल बाटे गए।उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र भर के जरूरत मन्द और गरीबों को चिन्हित कर कंबल दिए गए है। कम्बल वितरण का यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा। नायब तहसीलदार कीरत सेन ने बताया कि इससे पहले रहीमाबाद और माल में कंबल वितरण कार्यक्रम किया जा चुका है।तहसील क्षेत्र का कोई भी पत्र व्यक्ति छूटेगा नही।शासन की मंशानुरूप सभी जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किए जायेगे।इस कंबल वितरण समारोह में क्षेत्र से पहुँचे बुजुर्ग और महिलाएं कंबल लेने के बाद काफी खुश दिखी।

## भाकियू टिकैत संगठन हमेशा किसानों मजदूरों और युवाओं का सदैव हितैषी रहा-दिनेश खेड़ा

पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने युवाओं को दिलाई भाकियू टिकैत की सदस्यता

भाकियू टिकैत के युवा पश्चिम उत्तर प्रदेश कार्यालय पर संगठन विस्तार को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा पश्चिम उत्तर प्रदेश कार्यालय अमर प्लाजा में संगठन विस्तार को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया तो वही भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में युवाओं ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए रसीद के माध्यम से संगठन की सदस्यता ली। एकलव्य ने बताया कि यह कार्यक्रम हापुड़ जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ और दिनेश खेड़ा ने युवाओं को टोपी व गमछा पहनाकर सम्मानित करते हुए संगठन की विचारधारा के बारे में बताते हुए कहा कि यह संगठन हमेशा किसानों, मजदूरों और युवाओं का सदैव हितैषी रहा है और उनकी आवाज उठाता रहा है। हमेशा की तरह, युवा हमारे देश का गौरव हैं और संगठन में युवाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण काम किसानों और मजदूरों को सोशल मीडिया आदि के माध्यम से खेती और देश की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी युवाओं को ज़िला अध्यक्ष का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आकाश चौधरी, सुमित राजपूत, अमनदीप सिंह, विशाल कुमार, धीरेंद्र सिरोही, रिंकु त्यागी, युग लोहिया, देवांश चौधरी, वियोम पंडित (आर्यन), रवी एहलावत, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में आगणित निराश्रित गौवंशों की संख्या 9862

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गौवंश संरक्षण के संबध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में स्थापित कुल गौसंरक्षण स्थल, वृहद गौसंरक्षण केंद्र, कान्हा गौआश्रय स्थल, मनरेगा गौसंरक्षण स्थल, नगरीय गौसंरक्षण स्थल, जनपद में संरक्षित कुल गौवंशों के संबध में जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में आगणित निराश्रित गौवंशों की संख्या 9862 है। कुल स्थापित गौसंरक्षण स्थल 96, वृहद गौसंरक्षण केन्द्र 07 है, उन्होने बताया कि समस्त ग्राम पंचायतों में टैग्ड करके इनमें उपलब्ध राज्यवित आयोग की धनराशि ग्राम पंचायत से गौ आश्रय स्थल की ग्राम पंचायतों को दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में 77 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में लगभग 6812 गोवंश संरक्षित है तथा लगभग 180 गोपालक कार्यरत है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सिमरा वीरान गोसदन में जगह चिन्हित करके नन्दीशाला निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा जाये। उन्होने कहा कि गायों को संरक्षण केन्द्रो में रख-रखाव का विशेष ध्यान रखा जाये, गो संरक्षण केन्द्रों में आलव आदि की व्यवस्था करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि गोसंरक्षण केन्द्रों में केयर टेकर के रूकने हेतु रूम स्थपित किया जाये। उन्होने कहा कि गो सेवा हमारा राजकीय ही नही, हमारा सामाजिक दायित्व भी है। जिलाधिकारी ने गायों के कृत्रिम गर्भधान कराने हेतु भी निर्देश दिये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन गोपलाकों का सहभागिता योजनान्तर्गत मानदेय प्राप्त नही हुआ है उनका भुगतान जल्द किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी घंनश्याम सागर, सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान ने लगवाया इंटर लॉकिंग ग्रामीणों में खुशी की लहर



द अचीवर टाइम्स कुन्दन सिंह

**उन्नाव।** हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के गांव जिन्दासपुर में मलिन बस्ती से होकर जाने वाला कच्चा रास्ता आज़ादी से ही 150 मीटर उसी दशा में पड़ा था बारिश के समय इस रास्ते से पैदल तक गुजरना मुसीबत बना हुआ था जिसमें ग्राम प्रधान रचना चौरसिया ने आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी न हो उसका ख्याल रखते हुए ग्रामीणों को 150 मीटर इंटरलाकिंग की सौगात दी भले ही आजादी के 76 वर्ष पुर्ण हो चुके हो लेकिन इस रास्ते को आजादी आज मिली है जिसमें ग्राम वासियों ने ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि को बहुत बहुत धन्यवाद किया ग्राम वासियों ने कहा अगर इस तरह विकास हो तो कभी भी किसी को किसी प्रकार की असुविधाजनक बुराइयों से निजात मिल सकती हैं और विकास कागजों पर नहीं हकीकत में दिखाई देगा। ग्राम प्रधान रचना चौरसिया ने बताया कि ये रास्ता आज़ादी से ही इसी तरह छिन्न भिन्न पड़ा था जिसमें ग्राम वासियों को अत्यधिक आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था आज ग्राम वासियों को 150 मीटर इंटर लॉकिंग की सौगात दी है और आने वाले समय में और भी सुविधाओ को ग्राम वासियों तक पहुंचाने का काम करूंगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की प्रदेश कार्यालय लखनऊ में बैठक हुई संपन्न

❖ राष्ट्रीय अधिवेशन पर हुई चर्चा एवं लखनऊ से ज़िला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह तथा पार्थ कुमार को ज़िला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी तथा पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित।

**संवादाता द अचीवर टाइम्स**



**लखनऊ।** आपको बताते चलें राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजिस्टर्ड संगठन की बैठक संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा जी की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन विपिन मिश्रा जी ने किया मां सरस्वती जी को माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें लगभग 50 जिलों के जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियो ने मीटिंग में शिरकत की पत्रकारों के हितेषी कहे जाने वाले संगठन के मुखिया देवेंद्र कुमार मिश्रा जी ने मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं पूजन करके कार्यक्रम की शुरुआत की श्री मिश्रा ने बताया कि यह पत्रकार रूपी हमारा परिवार है इस परिवार के हितों की जिम्मेदारी हमारी प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी कलम से सच्चाई को लिखना है अगर कोई भी उसे दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन उसके विरोध में आवाज उठाएगा की श्री मिश्रा ने कहा आगामी फरवरी माह में हमारा राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के तत्वावधान में होने जा रहा है जिसमें सूबे की बड़ी-बड़ी हस्तियां शिरकत करेंगी। प्रदेश संरक्षक निर्मल कुमार अस्थाना जी ने कहा की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद एक ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ता है संगठन मंत्री कृष्णा शर्मा जी ने कहा अगर किसी पत्रकार के सामने कोई भी समस्या आती है तो हम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं प्रदेश सचिव अनूप मिश्रा ने कहा हमारा संगठन हर पीड़ित पत्रकार के साथ है कोई भी पत्रकार मेरे संगठन से जुड़ा हो अथवा न जुड़ा हो अगर वह पीड़ित है तो हर संभव उसकी सहायता की जाएगी वहीं लखनऊ से ज़िला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि संगठन एक हमारा परिवार है और हम परिवार के हर तरह से खड़े मिलेंगे चाहे धन से हो या फिर बल से हम आपके साथ है विगत वर्षों की भाँति लखनऊ में फरवरी माह में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान समारोह होने जा रहा है जिसमें देश के नामी गिरामी पत्रकार एकत्र होंगे इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी सहित सैकड़ो पत्रकारों ने भाग लिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया

द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी



**रहीमाबाद,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में विकसितङ्गभारत-संकल्प-यात्रा का आयोजन लखनऊ के विकासखंड मलिहाबाद के ग्राम पंचायत गढ़ी जिन्दौर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम माननीय केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश महामंत्री व एमएलसी सुभाष यदुवंश,विशिष्ट अतिथि आदरणीय श्री विनय प्रताप सिंह ,माननीया विधायक श्रीमती जयदेवी कौशल जी,ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा जी, तथा क्षेत्र के पदाधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि गण एवं जिले से अधिकांश विभागों के विभागद्यध्यक्ष , मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन जी, मलिहाबाद से एसडीएम मीनाक्षी पांडे जी, खंड विकास अधिकारी रविंद्र मिश्रा जी, एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण अपने-अपने विभाग के स्टॉल के माध्यम से हो केंद्र सरकार, एवं राज्य सरकार की योजनाओं संबंधित लाभार्थियों की समस्याओं को दूर किया, एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गयाद्य इस जन जागरूकता अभियान के साथ-साथ, लगभग सभी विभागों से संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए, तथा अपार संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस द्वारा उनके समस्याओं के निदान होने तथा,इस भव्य कार्यक्रम के लिए सरकार की प्रशंसा की गई।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी बाइक सवार अधेड़ महिला सड़क पर गिर घायल हो गई। लहुलुहान हालत में पति ने प्राथमिक उपचार हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वासा बुजुर्ग निवासी मुलिया 55 वर्ष पत्नी महेश्वरीदीन दोनों अपने गांव से बाइक में सवार होकर रिश्तेदारी मटौध गांव जा रहे थे। तभी न्यूरिया गांव के पास बने ब्रेकर में बाइक सवार महिला के शरीर का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे लहूलुहान हालत में पति ने ग्रामीणों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## 12 जनवरी को लगने वाले रोजगार मेले में बेरोजगार युवा करें आवेदन




**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** जिला सेवायोजन द्वारा राजकीय आईटीआई हापुड़ एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त रूप में एक रोजगार मेले का आयोजन 12 जनवरी 2024 को राजकीय आईटीआई ग्राम कंदौला धौलाना में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा और चयनित प्रक्रिया कंपनी द्वारा साक्षात्कार चयनित किया जाएगा जिसमें शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, इंटर, स्नातक ,आईटीआई व डिप्लोमा व स्नोकतर इत्यादि के ऐसे अभ्यर्थी जो सेवा योजना कार्यालय में पंजीकृत हैं वही भाग ले सकेंगे। भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति www.sewayojna.up.nic.in पर अपने यूजर आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें किसी भी जानकारी के लिए जिला सेवा योजना कार्यालय हापुड़ के दूरभाष नंबर 0122-2300121 पर संपर्क कर सकते हैं अभ्यर्थी प्रतिभा करने हेतु अपना आवेदन सेवायोजन कार्यालय में भी प्रस्तुत कर सकते हैं अधिक से अधिक अभ्यर्थी रोजगार मिले प्रतिभाग कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

# ट्रैक्टर पर चढ़कर ऑटो चालक ने की ट्रैक्टर चालक की थप्पड़ और घूसो से पिटाई वीडियो हुई सोशल मीडिया पर वायरल



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला ग्राउंड के सामने ऑटो स्टैंड का मामला सामने आया है जहां एक ऑटो चालक ने ट्रैक्टर पर चढ़कर ट्रैक्टर चालक पर थप्पड़ और घूसो से पिटाई कर दी। इस दौरान सड़क पर चल रहे रहागीर व वाहनों का आगमन रुक गया। जहां आसपास के मौजूद लोगों ने जिनकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जब एक ट्रैक्टर चालक रामलीला ग्राउंड के सामने से प्राइवेट बस स्टैंड की तरफ सड़क पार कर रहा था तभी एक ऑटो चालक और ट्रैक्टर चालक में किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि ऑटो चालक ने बिना देर करें ट्रैक्टर पर चढ़कर ट्रैक्टर चालक की घुसो से पिटाई कर दी इतना ही नहीं ऑटो चालक ने ट्रैक्टर चालक के गले में पड़े मफलर को पड़कर घूसो की बरसात करता रहा है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने दौड़कर ट्रैक्टर चालक को ऑटो चालक से छुड़ाया तब जाकर मामला शांत हुआ। जहां आस-पास खड़े लोगों ने ऑटो चालक द्वारा ट्रैक्टर चालक की पिटाई करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## लंबी बीमारी के बाद पूर्व सैनिक का हुआ निधन, गांव में छाया मातम

**कालपी/जालौन।** आज व्आवली ग्राम निवासी हवलदार श्याम सिंह राठौड़ का लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया । उन्होंने भारतीय सेना की इंजीनियर रेजीमेंट में रहते हुए देश की सेवा की थी । आज पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने उन्हें राष्ट्रध्वज के साथ अंतिम सलामी दी। पूर्व सैनिकों में कैप्टन अखिलेश नगायच के साथ हवलदार रविंद्र सिंह राठौड़ हवलदार राघवेंद्र सिंह सेगर, कैप्टन संतोष कुमार रायकवार, सूबेदार अशोक कुमार विश्वकर्मा, हवलदार श्रीकांत द्विवेदी, हवलदार अमर सिंह पाल, सूबेदार सरनाम सिंह भदोरिया, हवलदार ददन सिंह राठौड़ हवलदार राजेंद्र सिंह राठौड़ हवलदार श्रीकांत द्विवेदी, हवलदार राज बहादुर सिंह, सिपाही विश्व वीर सिंह, नायक बाबू सिंह, सूबेदार देवेंद्र सिंह राठौड़ सहित अधिक संख्या में पूर्व सैनिक और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में पूजित अक्षत कलश यात्रा



द अचीवर टाइम्स/निखिल मिश्रा


**मलिहाबाद।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई।सोमवार को मलिहाबाद मे सागर लान माल रोड से इस कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया।भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा0 पुष्पेन्द्र पासी यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डा0 पुष्पेन्द्र पासी ने कहा श्रीराम मंदिर निर्माण होने से प्रत्येक सनातनी व्यक्ति को ऊर्जा मिल रही है। इस मौके पर प्रत्येक विधानसभा मे निमन्त्रण स्वरूप यह पूजित अक्षत घर घर भेजे जा रहे है साथ ही मंदिर मे बनने वाले महाप्रसाद के लिये प्रत्येक सनातनी घर से एक एक मुट्ठी चावल एकत्र किया जा रहा है। लान से शुरू हुयी यात्रा की अगुवाई हाथों मे कलश लोग कर चल रही सैकडों माताओं ने किया। मलिहाबाद चौराहा, डाकघर तिराहा,गुन्नी का चौराहा होते हुये यह यात्रा बुढिया का शिवालय होते हुए चिंताहरण हनुमानजी के दर्शन कर समाप्त हुयी। यात्रा मे श्री गोपेश्वर गौशाला के जिला संघ चालक वीरेंद्र प्रांत गौ संवर्धन प्रमुख उमाकांत विहिप जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता,पूर्व सभासद नरेन्द्र यादव काटू पतंजलि योग पीठ के रूपेश मिश्रा,मण्डल महामंत्री आशीष द्विवेदी, उपाध्यक्ष प्रमोद पाठक,राजेश लोधी समेत तमाम कार्यकर्ता एवं सैकडों स्थानीय लोग मौजूद रहे। यात्रा के पीछे वाहनों की लम्बी कतारें चलती रहीं।

# 21 जनवरी को नए मंदिर में शिफ्ट होगी अभी विराजित रामलला की मूर्ति

# मंदिर होगा बंद

संवाददाता

**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। यह सवाल बहुत लोगों के जेहन में है कि अभी विराजित रामलला की मूर्ति कहां जाएगी। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला 21 जनवरी को नए मंदिर में पहुंच जाएंगे। इस दिन भक्तों को दर्शन नहीं मिल पाएंगे। इसकी सूचना ट्रस्ट की ओर से भक्तों को दी जाएगी। अचल मूर्ति को सोने के सिंहासन पर कमल के आसन पर प्रतिष्ठित किया जाएगा। इसके ठीक सामने सोने के सिंहासन पर विराजमान रामलला चारों भाइयों के साथ विराजित रहेंगे। रोजाना दोनों मूर्तियों की पूजा होगी। रामलला पंचकोसी परिक्रमा करेंगे। प्रमुख मंदिरों के दर्शन भी करेंगे। विभिन्न नदियों के जल से स्नान कराया जाएगा। यह स्नान सरयू तट पर होगा या फिर मंदिर में, यह तय किया जाना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि पूजा नियम के जो भी अनुशासन हैं वह मानेंगे। यदि उन्हें व्रत रखने को कहा जाएगा तो व्रत भी रहेंगे। मंदिर में पांच मंडप हैं। तीन मंडपों में साधु-संतों के बैठने की व्यवस्था होगी। दो मंडप में कुर्सी लगाई जाएगी। परकोटा के प्रवेश द्वार पर खाली स्थान पर करीब सात हजार कुर्सियां लगाई जाएंगी। गर्भगृह में पूजन के बाद पीएम जैसे ही बाहर निकलेंगे वह अतिथियों से मुखातिब होंगे।




**प्राण प्रतिष्ठा से पहले हनुमानगढ़ी की बढ़ाई गुई सुरक्षा**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हनुमानगढ़ी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। परिसर की निगरानी 25 सीसीटीवी कैमरों से हो रही है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की अब चेकिंग भी होने लगी है। पुरुष व महिला श्रद्धालुओं को अलग-अलग कतार में दर्शन कराया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के प्रवेश द्वार पर जांच के लिए आधुनिक मशीनें भी लगाई गई हैं। सिविल पुलिस के साथ पीएसी सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ का सर्वाधिक दवाब सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में रहता है। अयोध्या में हनुमान जी राजा के रूप में पूजे जाते हैं, इसलिए यहां जो आता है सबसे पहले हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाता है।

**यूरोप के छोटे से देश से 15 युवाओं का समूह पहुंचा रामनगरी**

श्रीराम की एक झलक पाने को देशभर के श्रद्धालुओं के साथ अब विदेशी मेहमान भी पहुंचने लगे हैं। ये मेहमान उन देशों से आ रहे हैं, जिनका नाम तक स्थानीय लोगों को इंटरनेट पर खोजना पड़ रहा है। ऐसे में इसे श्रीराम का चमत्कार समझा जाए या विश्व पटल पर युगों से विद्यमान उनके यश का प्रमाण। सात समंदर पार कर लोग उन्हें प्रणाम करने धाम तक आ रहे हैं। ये हाल तब है जब भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा को अभी 14 दिन शेष हैं। रामनगरी के लता चौक पर रविवार को 15 युवा विदेशी मेहमानों के पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। जय श्री राम के नारे लगने लगे, जिसे सुनकर मेहमान भी खुद को जयकारे लगाने से रोक नहीं पाए। सेल्फी लेने वालों की भी होड़ मच गई। इतना ही नहीं, वहां चंदन लगाने के लिए खड़े लोगों ने भी बिना देरी किए मेहमानों के माथे पर रामनाम अंकित कर दिया। उस समूह में सीसियस नाम के युवा ने बताया कि सभी यूरोप के लिथुआनिया देश से प्रभु के दर्शन करने आए हैं। काफी समय से वे अपने देश में अयोध्या की चर्चा खबरों के माध्यम से सुन रहे थे। इंटरनेट और किताबों के जरिये भगवान राम के विषय में बहुत कुछ पढ़ने और जानकारी लेने के बाद यहां आने की उत्सुकता बढ़ गई। वे दो दिनों तक यहां रहकर सभी मंदिरों में दर्शन करने की कोशिश करेंगे। रविवार को हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि मंदिर दर्शन से सभी मेहमानों ने अपनी यात्रा का शुभारंभ किया।

## दल और दिल बदलने का इरादा तो नहीं... अखिलेश पर टिप्पणी की तो चाचा शिवपाल ने डिप्टी सीएम को दिया सख्त जवाब

संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर शिवपाल सिंह यादव ने सख्त जवाब देते हुए कहा कि आपकी तो सरकार और संगठन में भी नहीं चल रही है। केशव ने कांग्रेस से बसपा के हाथ मिलाने को लेकर टिप्पणी की थी। यूपी में बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने, न होने की चर्चाओं के बीच नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर भी लगातार चल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस से बुआ हाथ न मिला लें, कहीं इसलिए तो बबुआ परेशान नहीं है। जिस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने डिप्टी सीएम केशव को सख्त जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि %सरकार% आपकी स्वयं के संगठन और सरकार में तो चल नहीं रही है, इसलिए संगठन और सरकार के दायित्व से इतर नजर बहुत पैनी रख रहे हैं। कहीं भाजपाई दंगल में बाहर कर दिए जाने की वजह से %दल और दिल% बदलने का इरादा तो नहीं? बता दें कि कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए कांग्रेस से हाथ मिला सकती है पर अभी तक आधिकारिक रूप से इस पर कुछ भी नहीं कहा गया है। माना जा रहा है कि बसपा-कांग्रेस मिलकर यूपी में भाजपा को कड़ी चुनौती दे सकती है पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इसके पक्ष में नहीं हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी सपा पर हमलावर हैं और लगातार सख्त टिप्पणी करती रही हैं।

## एक नज़र

### प्राण प्रतिष्ठा- खरगे व सोनिया को निमंत्रण देने पर रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक ने जताई नाराजगी

एजेंसी



**लखनऊ।** रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि उन्होंने तो राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाना चाहिए। रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि जो राम को नहीं मानते हैं और जो सनातन विरोधी हैं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सोनिया गांधी को निमंत्रण दिए जाने पर मुख्य अर्चक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये वहीं लोग हैं जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे सनातन विरोधियों को आमंत्रण देने की जरूरत नहीं है, ऐसे लोगों को आने की जरूरत नहीं है।

### यूपी की सभी 80 सीटों पर कांग्रेस ने बनाए प्रभारी, रायबरेली में इंदल रावत, अमेठी में होंगे मनीष



**लखनऊ।** पांच राज्यों की चुनावी हार से निराश कांग्रेस फिर से एक्टिव होने की कोशिश कर रही है। रविवार को उसने यूपी की सभी सीटों पर प्रभारी घोषित कर दिए। इंडिया गठबंधन के साथ सीटों के बंटवारे की चर्चाओं के बीच कांग्रेस ने यूपी की सभी 80 सीटों पर प्रभारी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस पहले भी कह चुकी है कि उसकी तैयारी सभी सीटों पर लड़ने को लेकर हो रही है। हालांकि कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय यह कह चुके हैं कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथ ही मैदान में जाएगी। रविवार को देर रात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट पर प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। उन सभी प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी करें। इसमें मुजफ्फरनगर का प्रभारी गौरव भाटी, रामपुर का हाजी इमरान कुरैशी, संभल का अफरोज अली खान, गौतम बुद्ध नगर की डाली शर्मा, अलीगढ़ का कौशलेंद्र यादव, खीरी का राकेश राठौर, रायबरेली का इंदल रावत अमेठी का मनीष मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सुल्तानपुर का रामकिशन पटेल ,बाराबंकी का धर्मेंद्र चौधरी ,अयोध्या का आलोक प्रसाद ,अंबेडकर नगर का दिनेश सिंह यादव, गोंडा का धर्मेंद्र चौधरी को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह अन्य लोकसभा क्षेत्र की भी पार्टी नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

### महिला कारसेवक बिंदु की कहानी- 20 दिन के बेटे को दाई को पकड़ाकर दौड़ पड़ी, मेरी आंखों के सामने ही ढहा था ढांचा

संवाददाता


बिंदु अपने बेटे के साथ 1990 की कारसेवा में।

**लखनऊ।** महिला कारसेवक बिंदु दीदी ने बताया कि मैं 20 दिन के बेटे को दाई को पकड़ाकर दौड़ पड़ी थी। मेरी आंखों के सामने ही विवादित ढांचा ढहा था। छह दिसंबर को दिनभर पानी नहीं पीया। लौटे तो विवादित ढांचे के टुकड़े साथ ले आए, मानो वो ट्रॉफी-मेडल हों। फरवरी, 1989 में जब मैं सुल्तानपुर से अयोध्या आई, तो शिला पूजन चल रहा था। 90 में कारसेवकों पर गोलियां बरसाई गई। जन्मभूमि सील थी और हम महिला कारसेवक अयोध्या की गलियों से छिपते-छुपाते बाहर से आए कारसेवकों को एक से दूसरी जगह ले जाते थे। हम पुराने मानस भवन में रहते थे। ठीक उस जगह, जहां आज मंदिर बन रहा है। छह दिसंबर की बात है। पूरा मानस भवन कारसेवकों और मीडियावालों से पटा हुआ था। हुजूम रोकना मुश्किल था। सभी ढांचे की तरफ बढ़ रहे थे। 20 दिन पहले ही मेरा बेटा पैदा हुआ था। मैंने बेटे को मानस भवन में मौजूद एक दाई को पकड़ा दिया और कहा, थोड़ी देर में आती हूं। मैं अपनी छोटी बहन के साथ बाबरी की ओर दौड़ पड़ी। मेरे चाचा महेश नारायण सिंह विश्व हिंदू परिषद के रामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के केंद्रीय मंत्री थे। कारसेवकपुरम की जमीन उन्होंने विहिप के लिए खरीदी थी। वो सुबह कह कर गए थे, काम हो रहा है। उस दिन का हम सभी को इंतजार था। यह कहानी कहते, बिंदु दीदी ठंडी पड़ चुकी हथेलियों से मेरी मुट्ठी भींच लेती हैं। उनकी आंखें सरयू सी डबडबाने को होती हैं। फिर वो मेरा और अपना ध्यान भटकाने कारसेवकपुरम में लगी स्क्रीन पर बज रहे रामभजन को गुनगुनाने लगती हैं। तभी गेट से कुछ संत, कुछ युवा भीतर आते हैं। युवा लगभग चीखते हैं जयश्रीराम, पीछे चल रहे संत धीमे से दोहराते हैं...जयसियाराम। माहौल उत्सव सा है। रामध्वज है। रामधुन भी। और पकवान परोसती सीता रसोई भी। बिंदु दीदी कहती हैं, चाचा ने हम बेटियों को वहां आने से मना किया था। पर, मन कहां मानने वाला था। हम वहां पहुंच गए। मेरी बहन तो ढांचे पर चढ़ भी गई। आपाधापी-छीनाझपटी में उसके कपड़े फट गए, लेकिन वह रुकी नहीं। बाद में कई वर्षों तक इंटेलिजेंस की टीम उस फटे कपड़े वाली लड़की को ढूंढती रही।

## आईआईटी बीएचयू की घटना पर 10 जनवरी को प्रदेश भर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

संवाददाता



**लखनऊ।** आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले पर कांग्रेस प्रदेश भर में 10 जनवरी को प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी आरोपी भाजपा से जुड़े हुए थे इसलिए उन्हें मीडिया के सामने नहीं पेश किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में महिला, किसान और व्यापारियोंके मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। दो माह बाद नाटकीय अंदाज में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इन्हें मीडिया के सामने भी नहीं प्रस्तुत किया गया क्योंकि आरोपी भाजपा से जुड़े लोग थे। इन लोगों को गन बरामदगी के लिए रिमांड पर भी नहीं लिया गया। इसी तरह साक्षी मालिक के साथ अन्याय हुआ। अजय राय ने घोषणा की है कि इस मुद्दे पर 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में कांग्रेस जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला, किसान और व्यापारियों की विरोधी है। किसानों के गन्ना मूल्य के बकाए का भुगतान भी किया गया है। अभी तक नए सत्र का मूल्य भी नहीं घोषित किया गया है। कांग्रेस के समय में हर साल 20 रुपए कुंतल दाम बढ़ता था। इनके समय में एक बार भी मूल्य नहीं बढ़ा है। सरकार 100 रुपए कुंतल दाम बढ़ाए। उन्होंने इस मामले में जयंत चौधरी का समर्थन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कह कि अभी तक किसानों का सिंचाई के लिए बिजली बिल माफ नहीं किया गया है। हालात यह है कि अभी तो उनका बिल और बढ़कर आ रहा है। अखिलेश और मायावती के सवाल पर उन्होंने कहा कि गठबंधन के मामले में केंद्रीय समन्वय समिति आगे का निर्णय लेगी। अजय राय ने कहा कि यूपी जोड़ों यात्रा में हमें हर वर्ग, जाति और धर्म के लोगों का समर्थन मिला है।

## आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने लगाई ऊंची छलांग, 2022-23 में 254 करोड़ का किया निर्यात



एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या ने निर्यात के क्षेत्र में अपने सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नगर के कमिश्नर का कहना है कि यह समय अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने ऊंची छलांग लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 254 करोड़ रुपये का निर्यात किया है। वर्ष 2021-22 में 110 करोड़ का निर्यात हुआ था। 2022-23 में इसमें 150 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के आधार पर इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कमिश्नर गौरव दयाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह काल अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। चतुर्दिक विकास के साथ अयोध्या की आर्थिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रगति हो रही है। नौ क्षेत्रों में जनपद ने निर्यात के अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**इन क्षेत्रों में निर्यात में हुआ भारी इजाफा**

- उबले हुए चावल- 2.76 करोड़ रुपये
- बिटुमिनस कोयला- 90.61 करोड़ रुपये
- भाप कोयला- 3.81 करोड़ रुपये
- अन्य कोयला- 44 करोड़ रुपये
- आयुर्वेद पद्धति की दवाएं- 3.18 करोड़ रुपये रुपये
- पोस्टर पेपर- 1.77 करोड़ रुपये
- क्राफ्ट पेपर व पेपर बोर्ड- 44.02 करोड़ रुपये
- क्राफ्ट पेपर व पेपर बोर्ड- 48.56 करोड़ रुपये
- वुड पल्प बोर्ड- 3.12 करोड़ रुपये
- बेकरी मशीनरी- 3.24 करोड़ रुपये

## अखिलेश यादव का मायावती को जवाब: फ्लाईओवर से दिक्कत है तो केंद्र से मांग कर बुलडोजर से ढहा दें

संवाददाता




**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ट्रैफिक की जरूरत को देखते हुए बसपा कार्यालय के सामने फ्लाईओवर का निर्माण करवाया गया था। अगर उन्हें दिक्कत है तो केंद्र से बात कर बुलडोजर चलवा देना चाहिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर सपा शासन में बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से बसपा सुप्रीमो मायावती को खतरा है तो उन्हें इसे बुलडोजर से ढहा देने की मांग केंद्र सरकार से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उस समय ट्रैफिक की जरूरत को देखते हुए हमने यह है फ्लाई ओवर बनवाया था। अखिलेश यादव ने मायावती ने उस बयान पर जवाब दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से उनकी सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से किसी अन्य स्थान पर कार्यालय के लिए जगह देने की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दिए गए एक बयान में कहा है कि सपा सरकार में अनेकों दलित विरोधी फैसले लिए गए थे। बसपा यूपी स्टेट आफिस के पास ऊंचा पुल बनाने का कृत्य भी ऐसा ही है। जहां से षडयंत्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुंचा सकते हैं। इस असुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा सुझाव पर पार्टी प्रमुख को अब पार्टी की अधिकतर बैठकें अपने निवास पर करने को मजबूर होना पड़ रहा है जबकि पार्टी दफ्तर में होने वाली बड़ी बैठकों में पार्टी प्रमुख के पहुंचने पर वहां पुल पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती है। मायावती ने अपने बयान में अपनी असुरक्षा का जिक्र करते हुए यूपी सरकार से वर्तमान पार्टी प्रदेश कार्यालय के स्थान पर अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने का भी अनुरोध किया।

**मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल करने की बात नहीं हुई**

कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे के बसपा को गठबंधन में लाने के प्रयास संबंधी सवाल पर अखिलेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन में कभी इस तरह की कोई बात नहीं हुई। अगर हुई होती तो उनकी जानकारी में भी होती। उन्होंने बिना नाम लिए पांडे पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कई तरीके से विपक्षी गठबंधन को कमजोर करने के लिए अभियान चला रही है। इस तरह की बातें भाजपा की इस रणनीति का हिस्सा हो सकती हैं। अखिलेश ने कहा कि केंद्र की सत्ता इंडिया गठबंधन को मिलने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह: 22 जनवरी को लखनऊ में बंद रहेंगी सभी मांस की दुकानें, मीट कारोबारियों ने लिया निर्णय



संवाददाता

**लखनऊ।** अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ के मीट कारोबारियों ने 22 जनवरी को अपना कारोबार बंद करने का निर्णय लिया है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए लखनऊ मीट कारोबारियों ने इस दिन कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया है। मीट कारोबारियों ने इस संबंध में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा और उन्हें फैसले की जानकारी दी। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय सचिव शहाबुद्दीन कुरैशी ने उप मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि हम सभी लोग अवधवासी हैं। अवध क्षेत्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा में सद्भावना बनाये रखते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि दिनांक 22 जनवरी 2024 को बिल्लौचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज, लाटूश रोड लखनऊ के समस्त मीट व्यवसायी अपना कारोबार बंद रखेंगे। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## जमीन से 220 फीट ऊंचाई पर फहराएगी धर्म ध्वजा, अहमदाबाद से लाया गया 44 फीट का ध्वज दंड




एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर लगने वाला ध्वज दंड सोमवार को अयोध्या पहुंच गया है। यह ध्वज दंड राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर लगाया जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर लगने वाला ध्वज दंड सोमवार को अयोध्या पहुंच गया है। यह ध्वज दंड राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर लगाया जाएगा। 44 फीट का ध्वज दंड जमीन से 220 फीट ऊंचाई पर लहराएगा। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्वज दंड में धर्म ध्वजा लगाएंगे। अहमदाबाद की अंबिका इंजीनियरिंग कंपनी ने 9 महीने में इस ध्वज दंड को तैयार किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अनुमति के बाद एलएनटी ने इस ध्वज दंड का निर्माण कराया है । 5 जनवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया था।

## मायावती ने गेस्ट हाउस कांड की दिलाई याद

## असुरक्षा का खतरा जताते हुए कार्यालय बदलने की मांग की

संवाददाता



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा। उन्होंने सरकार से पार्टी दफ्तर के लिए सुरक्षित स्थान की भी मांग की। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है। बसपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा फिर अपने दलित-विरोधी जातिवादी एजेण्डे पर आ गई। सोमवार को जारी अपने बयान में मायावती ने कहा कि अब सपा मुखिया जिससे भी गठबंधन की बात करते हैं उनकी पहली शर्त बसपा से दूरी बनाए रखने की होती है जिसे मीडिया भी खूब प्रचारित करता है। वैसे भी सपा के 2 जून 1995 सहित घिनौने कृत्यों को देखते हुए व इनकी सरकार के दौरान जिस प्रकार से अनेकों दलित-विरोधी फैसले लिये गये हैं। जिनमें बसपा यूपी स्टेट आफिस के पास ऊंचा पुल बनाने का कृत्य भी है, जहां से षडयंत्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुंचा सकते हैं। जिसकी वजह से पार्टी को महापुरुषों की प्रतिमाओं को वहां से हटाकर पार्टी प्रमुख के निवास पर शिफ्ट करना पड़ा। इस असुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा सुझाव पर पार्टी प्रमुख को अब पार्टी की अधिकतर बैठकें अपने निवास पर करने को मजबूर होना पड़ रहा है जबकि पार्टी दफ्तर में होने वाली बड़ी बैठकों में पार्टी प्रमुख के पहुंचने पर वहां पुल पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती है। ऐसे हालात में बसपा यूपी सरकार से वर्तमान पार्टी प्रदेश कार्यालय के स्थान पर अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने का भी विशेष अनुरोध करती है वरना फिर यहां कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। साथ ही, दलित-विरोधी तत्वों से भी सरकार सख्ती से निपटे।

## सम्पादकीय

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनियाः राधु करमाकर की तीसरी आंख




अपने जन्मदिन से कुछ पहले 5 अक्टूबर 1993 को एक सड़क दुर्घटना में 77 साल की उम्र में राधु की मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद उनकी पत्नी वीणा ने अपने बड़े बेटे के सहयोग से राधु के कागजों, डायरियों को छान कर उनकी जीवनी तैयार की, जिसे राजकमल प्रकाशन ने उनकी आत्मकथा के नाम से प्रकाशित किया है। इस जीवनी का हिन्दी रूपांतरण विनोद दास ने 'कैमराः मेरी तीसरी आंख' नाम से किया है। सिनेमा को परदे पर लाता है कैमरा। कैमरा हर दृश्य को कैद करता है और फिल्म को संभव बनाता है। फिर भी जब हम सिनेमा की बात करते हैं तो सिर्फ निर्देशक का नाम लेते हैं, अभिनेता-अभिनेत्री का नाम लेते हैं। सामान्य दर्शक को बस सिनेमा देखने से मतलब होता है, सिनेमा के पीछे की बातों से खास मतलब नहीं होता है, वे उसके विषय में शायद ही कुछ जानते हों। कैमरामैन का काम कितना परिश्रम और निष्ठा की मांग करता है, यह लोगों के मन में शायद ही आता है। आज मैं एक ऐसे सिनेमाटोग्राफर की बात करने जा रही हूं, जिसने अर्श से फर्श तक का सफर अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। यह न केवल फोटोग्राफर था, वरन इसने फिल्म भी निर्देशित की। हम लोगों में से अधिकांश ने 'जिस देश में गंगा बहती है' फिल्म देखी है। इस फिल्म का निर्देशन इसी सिनेमाटोग्राफर ने किया था। हुआ न आश्चर्य! क्योंकि सामान्य दर्शक के लिए यह राज कपूर की फिल्म मात्र है। राज कपूर इस फिल्म के नायक थे, उन्होंने इसे प्रड्यूस भी किया था मगर इसके निर्देशक राज कपूर नहीं, राधु करमाकार थे। यही एकमात्र फिल्म थी जो उन्होंने निर्देशित की वरना वे सिनेमाटोग्राफर थे। राज कपूर की कई फिल्मों का उन्होंने ही फिल्मांकन किया था। वे स्वयं को निर्देशक नहीं, कैमरामैन ही मानते थे तभी तो कैमरा को अपनी तीसरी आंख कहते थे। उनकी किताब का नाम भी है, 'कैमराः मेरी तीसरी आंख'।

**गरीबी में गुजरा बचपन**

कैमरामैन राधु करमाकर अविभाजित भारत के बंगाल में 14 अक्टूबर 1916 को जन्मे थे। उनका बचपन भयंकर गरीबी में गुजरा। अपने जन्मदिन से कुछ पहले 5 अक्टूबर 1993 को एक सड़क दुर्घटना में 77 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हुई। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी वीणा ने अपने बड़े बेटे के सहयोग से राधु के कागजों, डायरियों को छान कर उनकी जीवनी तैयार की, जिसे राजकमल प्रकाशन ने उनकी आत्मकथा के नाम से प्रकाशित किया है। इस जीवनी का हिन्दी रूपांतरण विनोद दास ने 'कैमराः मेरी तीसरी आंख' नाम से किया है। राधु करमाकर का पूरा नाम राधिका जीवन करमाकर था। उनके वैष्णव माता-पिता ने यह नाम रखा था, लेकिन राजकपूर को लगा कि यह नाम काफी दकियानूसी है, साथ ही बहुत लंबा भी, अतः उन्होंने इसे छोटा करके राधु बना दिया और वे इसी नाम से प्रसिद्ध हो गए। स्वर्णकारों के परिवार की यह पेटपोछना संतान शुरू से शारीरिक रूप से कमजोर थी। इनके पिता का व्यवसाय कलकत्ता में भी था, जिसे राधु के बड़े भाई देखते थे। घर की माली हालत अच्छी न थी, अतः राधु सातवीं तक पढ़ाई करने के बाद कुछ कमाई करने कलकत्ता आ गए। बचपन से कई बार उन्होंने मौत का सामना किया, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। राधु ने चौदह वर्ष की उम्र में पहली बार एक मूक फिल्म देखी। यह फिल्म जयदेव के जीवन पर आधारित थी। उसी समय कहीं फिल्म से जुड़ने के बीज उनके भीतर पड़ गए। कलकत्ते में काफी संघर्ष के बावजूद वे अपने खानदानी पेशे में मन न लगा सके और जतिन दास के शिष्य बने। यह एक रोचक कथा है, जो काम के प्रति उनकी दृढ़ता प्रदर्शित करती है। उन दिनों विशेषज्ञों में अपनी कला को छिपाकर रखने की प्रवृति थी और वे अपने सहयोगियों से बड़ा रूखा और कठोर व्यवहार करते थे। घर वालों के न चाहने के बावजूद उन्होंने एक फिल्म लैब में काम शुरू किया। आश्चर्य उनके पिता ने आपत्ति न की। उन दिनों निगेटिव को हाथ से धोया जाता और काम करने का स्थान बहुत बुरी स्थिति में होता था। अतः लोग जल्द ही बीमार पड़ते और अक्सर मर जाते थे। ऐसे ही एक व्यक्ति द्वारा रिक्त स्थान पर राधु को काम मिला।

**भागवत वाशीकर से सीखा कैमरा चलाना**

इस काम को करते हुए वे मौका मिलते भाग कर स्टूडियो जाते और कैमरा संचालन ध्यान से देखते और जब कोई नहीं होता तो कैमरा भी परखते। उनकी यह चोरी एक दिन पकड़ी गई और कैमरामैन भागवत वाशीकर ने उनकी लगन से प्रभावित हो उन्हें सिखाना स्वीकार किया। इस तरह राधु का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। वैसे सैद्धांतिक शिक्षा का उन्हें अवसर नहीं मिला। वाशीकर ने जो कृपा राधु पर की वे उसे कभी नहीं भूले और एवज में उन्होंने जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता की। इसके बाद करीब छः साल उन्होंने जतीन दास की शागिर्दी की। राधु उस जमाने के व्यक्ति थे, जो एहसान कभी नहीं भूलते हैं और जिसके साथ जुड़ते हैं, उसके प्रति सदैव वफादार बने रहते हैं। उन्हें कई अन्य स्थानों से बेहतर प्रस्ताव मिले मगर वे जतीन दास के प्रति वफादार बने रहे। इसी तरह जब वे राज कपूर से जुड़े तो उनके प्रति भी ईमानदार रहे और राज कपूर के मर्दवादी तथा सामंती रवैये के बावजूद उनसे एक लंबे समय तक जुड़े रहे। राज कपूर को वे एक बहुत बड़ा फिल्म जानकार, महान निर्देशक और दिलदार मानते हैं, साथ ही उनकी कमियों का भी उल्लेख करते हैं। वे राज कपूर के सबसे विश्वस्त सिनेमाटोग्राफर थे। विभिन्न विचार-पद्धतियों और जीवन-शैलियों को राधु करमाकर प्रेम भाव से देखते थे, मगर गलत को गलत कहने में हिचकते नहीं थे इसीलिए ईमानदार लोग उन्हें पसंद करते थे और इसी कारण वे कई भिन्न विचार वाले लोगों के साथ काम कर सके। वे आदमी पहचानना जानते थे और लोगों के गुणों की कद्र करते थे। खुले मन से उनकी प्रशंसा करने में हिचकते नहीं थे। राधु अपने समय के बड़े सिनेमाटोग्राफर, जैसे जतिन दास, नितिन बोस, दिलीप गुप्ता को बड़े प्रेम और आदर के साथ याद करते हैं। कई फिल्मों की तकनीकि खूबियों को बताते हैं, कई की कमियां गिनाते हैं। सरकार की नीतियों की पड़ताल करते हुए वे सरकार को कुछ सुझाव भी देते हैं। उनके जीवन में कई अच्छे लोग आए, कई लोगों ने उन्हें तंग समय में सहायता की और राधु ने भी कई लोगों की दोस्ती आजीवन निभाई कई लोगों को मुसीबत में सहारा दिया। कैमरामैन का काम प्रशिक्षण की मांग करता है। हमारे देश में कुछ समय पहले तक कैमरा प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं थी। आज यह सुविधा हमारे यहां है। पहले के कुछ जुनूनी कैमरा प्रेमियों ने कैमरा संचालन की शिक्षा दूसरों की शागिर्दी और अपनी लगन से प्राप्त की। 'आवारा', 'श्री 420', 'संगम', 'सन्यासी', ' प्रेम रोग', 'मिलन/नौका डूबी', 'मेरा नाम जोकर', 'जागते रहो', 'सपनो का सौदागर', 'जिस देश में गंगा बहती', बेईमान', 'बॉबी' और कई फिल्में ऐसे ही प्रशिक्षित राधु करमाकर के कैमरे द्वारा बनाई हैं।

# अब तक की उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट नहीं बैठेंगे पीएम मोदी; भाजपा के लिए चलेंगे बड़ा दांव

आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें। 'इंडिया' गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींच-तान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने गठबंधन का चेहरा पेश करने में असमर्थता के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीतने से रोक पाना विपक्षी गठबंधन के लिए दुर्गम चुनौती बन गया है। चुनौती की विकटता इससे समझी जा सकती है कि हममें से कई आगामी चुनाव को ऐसी स्पर्धा मान रहे हैं, जिसमें 'इंडिया'गठबंधन ने अब तक पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है, जबकि भाजपा मंजिल पर दस्तक दे रही है। लेकिन एक व्यक्ति ऐसा कभी नहीं सोचेगा, और वह हैं प्रधानमंत्री मोदी। आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें। इसलिए, वह चाहते हैं कि भाजपा उनके लिए वोट जुटाने के उद्देश्य से पूरी ताकत से काम करे। यही वजह है कि भाजपा की चुनाव-प्रबंधन रणनीति में विपक्ष के हर हमले का, वह कितना ही कमजोर क्यों न हो, मुंहतोड़ जवाब देने का संदेश जरूर शामिल होगा। चुनावी अभियानों में केंद्रीय मंत्रियों के जमावड़े और भाजपा की तरफ से खासकर ग्रामीण व शहरी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों तक लक्षित ढंग से अपने संदेश पहुंचाने की व्यापक मुहिम देखने को मिले, तो हैरत नहीं होनी चाहिए। विभिन्न रणनीतिक सत्रों में मोदी अपनी पार्टी के नेताओं से लगातार कह रहे हैं कि उन्हें भारत के विकास की कहानी को लेकर जनता तक पहुंचना चाहिए और विपक्षियों की किसी भी चाल को हल्के में नहीं लेना चाहिए, चाहे वह 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को छूने वाली राहुल गांधी की नई यात्रा ही क्यों न हो। मोदी का भाजपा के रणनीतिकारों को संदेश साफ है कि नए और प्रभावशाली जनादेश के साथ सत्ता में लौटने के लिए हर मतदाता और हर राज्य महत्वपूर्ण है। चाहे उम्मीदवारों का चयन करना हो या क्षेत्रवार मुद्दे उठाने हों, अमित शाह की सीधी निगरानी में दोहरी जांच की व्यवस्था लागू की गई है। जब सब कुछ केंद्रीय नेतृत्व को ही करना है, तो मुमकिन है कि पार्टी के लोग आरामतलब और मनचाहे नतीजों के लिए प्रधानमंत्री की शख्सियत पर निर्भर हो जाएं। पर मोदी ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं न रखने वाले राज्यों में भी दिखाया है कि वह कितनी ज्यादा कोशिशें करते हैं। तमिलनाडु के त्रिची में और केरल के त्रिशूर में उनकी सभाओं को ही देखें। इन राज्यों में मोदी ने हिंदुत्व के बजाय अपने विकास के एजेंडे के जरिये स्थानीय मतदाताओं से जुड़ने की कोशिश की। हां, थोड़ा-



सा हिंदू पुट केवल क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत की ओर इशारा करने तक सीमित जरूर था। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से भाजपा केरल और तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर काम कर रही है, इससे बेफिक्र कि उसे मिल रहा समर्थन संसद या राज्य विधानसभाओं में सीटों में तब्दील हो रहा है या नहीं। जाहिर है कि एक अथक प्रचारक के रूप में मोदी समय और ऊर्जा का निवेश करने को तब भी तैयार हैं, भले ही रिटर्न की गारंटी न हो। मोदी ने अमित शाह और दूसरे चुनावी योद्धाओं को एहसास दिलाया है कि आगामी चुनाव में भाजपा के लिए दूसरे दलों की तुलना में दांव कहीं ज्यादा बड़ा है। 2024 में जीत भाजपा के लिए एक नए युग का द्वार खोलेगी, जो अगले एक दशक के लिए पार्टी को निर्विवाद रूप से सबसे आगे खड़ा कर देगी। नरेंद्र मोदी के अनुसार, यही वह समय होगा, जब देश के लिए सबसे अच्छी चीजें होनी तय हैं और 2047 तक सौ वर्ष के हो चुके आजाद भारत में भाजपा ही देश में महत्वपूर्ण बदलावों की अग्रदूत के रूप में देखी जाएगी। सभी भाजपा-विरोधी वोटों को एकजुट करने में विपक्ष कई चुनौतियों से जूझ रहा है। कुछ राज्यों में गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे के विरोधी हैं, जिनमें से ज्यादातर एक खास क्षेत्र या सामाजिक समूह तक सीमित हैं, जो सहयोगियों को वोट हस्तांतरित करने की ताकत भी नहीं रखते। विपक्ष जहां नेतृत्व व आपसी संवाद के मुद्दे पर अनिश्चित है, और सिर्फ एक बात की रट लगा रहा है कि भाजपा की सीटें कम करके मोदी को रोकना होगा, वहीं, नरेंद्र मोदी की अपनी पार्टी पर पूरी पकड़ है। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल और विपक्षी कांग्रेस व माकपा सीटों को लेकर एक-दूसरे के दावों पर सवाल उठा रहे हैं। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के सबसे बड़ा घटक होने का दावा कर रही उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने 23 सीटों पर दावा किया है, जबकि बाकी 25 सीटें कांग्रेस और एनसीपी के बीच बंटेंगी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ऐसे में, कांग्रेस व गठबंधन के दूसरे सहयोगियों की स्थिति की आसानी से कल्पना की जा सकती है। चुनावी विश्लेषक 2024 के लोकसभा चुनाव को कांग्रेस के लिए अस्तित्व की लड़ाई मान रहे हैं। उनके लिए यह बनाओ या बिगाड़ो वाली स्थिति है। 2019 में भाजपा ने अपने दम पर 303 सीटें जीती थीं, जो 2014 की 282 सीटों से ज्यादा थीं। जबकि कांग्रेस को 52 सीटें मिली थीं। 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास 332 सांसद थे और 'इंडिया' गठबंधन के मौजूदा 28 सदस्यों के पास 144 सीटे थीं। लेकिन 2019 के बाद से एनडीए की संरचना में बड़े बदलाव हुए हैं। अन्नाद्रमुक, जदयू और अकाली दल जैसे क्षेत्रीय दल उसका साथ छोड़ चुके हैं। फिर भी, 543 सदस्यीय लोकसभा की वर्तमान संरचना दर्शाती है कि 319 सांसदों के साथ एनडीए, 139 सीटों वाले 'इंडिया' गठबंधन से काफी आगे है। मौजूदा एनडीए सदस्यों का 2019 में संयुक्त वोट शेयर करीब 40 फीसदी था, जबकि 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को 35 फीसदी वोट मिले थे। नरेंद्र मोदी का सपना 350 से ज्यादा सीटें और 40 से 50 फीसदी वोट शेयर पाने का है। जाहिर है कि वह अब तक की उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट नहीं बैठेंगे और यकीनन एक नए कीर्तिमान की ओर बढ़ना चाहेंगे।

# सुधार की कवायदः बुंदेलखंड में तालाबों को नया जीवन देने की हो रही कोशिश

खजरा खुर्द गांव में पुराना तालाब नाम से विख्यात तालाब की उपयोगिता हाल के समय में सफाई न होने के कारण घट गई थी। परमार्थ संस्था व उससे जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं-'जल सहेलियों' ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब पानी संबंधी विभिन्न जरूरतें पूरी करने के साथ भूजल-स्तर बनाए रखने का मुख्य आधार रहे हैं। विभिन्न कारणों से हाल के समय में उपेक्षा के कारण अनेक तालाब क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस कारण बड़े जल-संकट के बीच अब उनकी रक्षा के कुछ महत्वपूर्ण प्रयास होने लगे हैं। विशेषकर बुंदेलखंड में ऐसे प्रयास काफी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां जल संतुलन बनाए रखने में तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लहार ठाकुरपुरा गांव (बबीना ब्लॉक, झांसी) में इसी नाम का विशाल, लगभग 87 एकड़ का तालाब आसपास के ग्रामीण इलाकों के लिए गौरवशाली धरोहर रहा है, पर हाल के वर्षों में जलकुंभी, मिट्टी-गाद आदि के चलते इसकी सुंदरता और उपयोगिता, दोनों कम होती जा रही थी। ऐसे में जब 'परमार्थ' संस्था ने तालाब की स्वच्छता के लिए जनसभा की, अभियान चलाया और प्रशासन से भी संपर्क किया, तो इसे काफी सहयोग मिला। मनरेगा के अंतर्गत अनेक हफ्ते तक तालाब की सफाई का अभियान चलता रहा। जलकुंभी और गाद की सफाई की गई तथा नहर का पानी तालाब में लाया गया। आसपास बाड़ लगाई गई और जमीन को पक्का किया गया। हालांकि अभी रोशनी की व्यवस्था और मरम्मत का कार्य होना शेष है, फिर भी तालाब बहुत सुंदर बन गया है। इसकी जल-ग्रहण क्षमता बढ़ी है और पानी साफ है। गांववासियों ने बताया कि एक छोटी नहर निकाल कर इससे सिंचाई की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इसके अलावा, चंदेल राजाओं के समय से चले आ रहे एवं 100 एकड़ से बड़े क्षेत्र में फैले मानपुर के तालाब (जो इसी ब्लॉक में स्थित है) में एक छोटी नहर की व्यवस्था पहले से परंपरागत तौर पर रही है, पर इसमें बहुत टूट-फूट हो गई थी। परमार्थ संस्था ने यहां एक विशेष प्रयास कर इस नहर के किनारों की मरम्मत की एवं तालाब की सफाई भी करवाई। इस कारण गांववासियों को सिंचाई का बेहतर लाभ मिल रहा है। यह कार्य ऐसे समय में गैर-मशीनीकृत उपायों से किया गया, जब यहां लोगों को रोजगार की बहुत जरूरत थी। खजरा खुर्द गांव में पुराना तालाब नाम से विख्यात तालाब की उपयोगिता हाल के समय में सफाई न होने के कारण घट गई थी। परमार्थ संस्था व उससे जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं-'जल सहेलियों' ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया। इसके बाद किनारों की मरम्मत, मिट्टी-गाद हटाने, आसपास वृक्षारोपण आदि के कार्य हुए। तालाब की जल-ग्रहण क्षमता बढ़ने के साथ इससे आसपास के कुंओं का जल-स्तर भी बढ़ा। छतरपुर जिले (मध्य प्रदेश) के अंगरौठा गांव में महिलाओं ने 107 मीटर की नहर खोदने का कार्य बहुत कठिन परिस्थितियों में शुरू किया, ताकि यहां के सूखे पड़े तालाब में पानी पहुंच सके। बाद में उनके इस साहसी कार्य से प्रेरित होकर अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। इसी जिले में गंगा नामक महिला ने अपनी सखियों के साथ एक उपेक्षित सूखे तालाब को फिर से पानीदार बनाया। इस तालाब के बारे में अंधविश्वास प्रचलित था कि जो इसका पुनरुद्धार करेगा, उसे हानि होगी, लेकिन गंगा ने लोगों को समझाया कि यह अंधविश्वास है और गांव की प्यास बुझाने का प्रयास इस कारण नहीं रुकना चाहिए। इन महिलाओं ने न केवल तालाब की सफाई की, बल्कि इसमें पानी भी पहुंचाया। देश में बुंदेलखंड जैसे कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां जल-संतुलन में तालाबों की विशेष भूमिका है और इनके निर्माण व रख-रखाव के लिए परंपरागत तकनीक व सामाजिक तौर-तरीके, दोनों प्रशंसनीय रहे हैं। इनसे आज भी सीखा जा सकता है। चाहे सभी घरों में नल आ जाएं, पर इन तालाबों का महत्व बना रहेगा और इनके संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। इनमें जमा गाद-मिट्टी हटाकर इसकी जल-ग्रहण क्षमता भी बढ़ाई जा सकती है व किसानों को उपजाऊ गाद-मिट्टी अपने खेतों के लिए मिल जाएगी। अनेक स्थानों पर भूजल स्तर पहले ही बहुत नीचे चला गया है। यदि बोरवेल आदि से नलों के लिए भूजल का उपयोग किया जाएगा, तो ऐसे में जल-संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि तालाबों में पहले से कहीं अधिक जल हो। इसलिए तालाबों की रक्षा एवं वर्षा जल संरक्षण का कार्य अब और महत्वपूर्ण हो गया है।

# श्रीकृष्ण पर कैसे लगा चोरी और हत्या का आरोप, क्यों हुए कलंकित

कृष्ण तुरंत समझ गए कि सिंह, प्रसेनजित को मारकर मणि मुंह में दबाकर ले गया होगा और फिर भालू ने सिंह को मारकर स्यमंतक मणि अपनी गुफा में रख ली होगी। कृष्ण गुफा के भीतर चले गए। सत्राजित नाम के एक यदुवंशी ने कठोर तपस्या करके सूर्यदेव को प्रसन्न कर लिया। सूर्यदेव ने सत्राजित को स्यमंतक नाम की एक दिव्य मणि प्रदान की जो अपने धारक को प्रतिदिन, अपने भार का आठ गुना स्वर्ण प्रदान करती थी। मणि से सत्राजित को प्रतिदिन स्वर्ण मिलने लगा जिससे वह अचानक धनवान हो गया। तब श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि राज्य की समृद्धि के लिए उसे वह मणि राजा को दे देनी चाहिए परंतु लोभी सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया और उसके मन में कृष्ण के प्रति दुर्भावना भी उत्पन्न हो गई। एक दिन सत्राजित का भाई प्रसेनजित स्यमंतक मणि धारण करके आखेट के लिए चला गया। वहां एक सिंह ने प्रसेनजित को मार डाला। सत्राजित के बहुत प्रयास करने पर भी प्रसेनजित और मणि का कुछ पता नहीं लगा। चूंकि कृष्ण सत्राजित से मणि मांग चुके थे, इसलिए सत्राजित ने कृष्ण पर ही प्रसेनजित की हत्या और स्यमंतक की चोरी का आरोप लगा दिया। कृष्ण को खुद पर लगे कलंक को मिटाने के लिए मणि खोजना आवश्यक था। वह उसी वन में गए, जहां प्रसेनजित आखेट के लिए गया था। कुछ देर बाद कृष्ण को प्रसेनजित का सड़ा-गला शव मिल गया जिसे एक सिंह मारकर छोड़ गया था। परंतु कृष्ण को मणि नहीं मिली। वह सिंह के पंजों के निशान का पीछा करते हुए आगे बढ़े तो उन्हें कुछ दूरी पर सिंह का शव पड़ा मिला। उसके निकट एक विशाल भालू के पंजों के निशान थे परंतु मणि फिर भी नहीं मिली। फिर वह भालू के पैरों के निशान का पीछा करते हुए एक गुफा तक पहुंच गए। उन्हें गुफा के भीतर से तेज प्रकाश बाहर आता दिखा जो निस्संदेह स्यमंतक मणि से निकल रहा था। कृष्ण तुरंत समझ गए कि सिंह, प्रसेनजित को मारकर मणि मुंह में दबाकर ले गया होगा और फिर भालू ने सिंह को मारकर स्यमंतक मणि अपनी गुफा में रख ली होगी। कृष्ण गुफा के भीतर चले गए। गुफा के अंदर एक युवती स्यमंतक मणि से खेल रही थी। कृष्ण जैसे ही मणि लेने के इरादे से आगे बढ़े, एक विशालकाय भालू ने उन पर हमला कर दिया।

# राजनीतिक सरगर्मियों और आम बजट की चर्चा के बीच लॉयड जॉर्ज और चर्चिल की बात

आज जब आम बजट के अंतरिम संस्करण की तैयारियां चल रही हैं, तब टाइम मशीन के भीतर जाकर यह देखना दिलचस्प होगा कि बजटों को जनोन्मुख बनाने के लिए कैसे-कैसे आंदोलन हुए और ब्रिटेन में लॉयड जॉर्ज के वित्तमंत्री बनते ही वहां किस तरह वित्तीय इतिहास का सबसे रोमांचक दौर शुरू हुआ, जिसने पूरी दुनिया के बजटों को नई राह दिखाई। इस साल बजट नहीं आएगा। मगर सरकार का हिसाब-किताब तो संसद में पेश होगा ही। लोकतंत्र में बजट सरकार का सबसे कीमती दस्तावेज तो होता है, लेकिन पश्चिम की दुनिया की इसकी सार्वजनिक छवि जरा ऐसी-वैसी ही है। बजटों को लेकर इतनी हिकारत इसलिए है कि इसके जरिये सरकारें चर-अचर चराचर अखिल विश्व में जो जहां है, उस पर टैक्स लगाती हैं और टैक्सों को भला कौन पसंद करेगा? बजट की प्रक्रिया इस बहस को साथ लेकर जन्मी थी कि आम बजट आम लोगों के लिए क्या ही होता है, बजट और इसके एलान तो खास लोगों के लिए होते हैं, तभी तो बजट याद नहीं रखे जाते थे। मगर आइए, उड़ान भरिए टाइम मशीन में हम आपको मिलवाएं एक ऐसे बजट से, जिसने बजटों की रवायत ही बदल दी। इसके बाद ही बजटों को कसौटी मिली, जिसकी रोशनी में इनके आम बजट होने की पैमाइश की जा सकती है। इस बार टाइम मशीन आपको एक तूफान के बीच ले जाएगी। ठहिरए, यह मौसमी तूफान नहीं है। यह ब्रिटेन की राजनीति का तूफान है, जो एक बजट से पैदा हुआ था। इसके बाद तो बर्तानवी संसद का काम करने का तरीका ही बदल गया। यात्रीगण कृपया ध्यान दें, आप टाइम मशीन में है और वक्त है बीसवीं सदी की शुरुआत का। आप दुनिया का इतिहास बदलने वाली सदी के पहले वर्ष में हैं यानी साल 1900 में। जरा गौर से देखिए, ब्रिटेन की सियासत में कंजर्वेटिव और लिबरल पार्टी के बीच आपको एक नए दल की आहट सुनाई देगी। ट्रेड यूनियन और समाजवादी आंदोलनों की पृष्ठभूमि से ब्रिटेन में लेबर पार्टी का उदय होने लगा। इसी दौर में आपको ब्रिटेन की महिला अधिकारों की आवाजें सुनाई देंगी। यह 1901 का साल है, जब रानी विक्टोरिया परलोक सिधार गई हैं। किंग एडवर्ड सप्तम तख्तनशीं हैं। इसी दौरान ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बने हरबर्ट हेनरी एक्विथ यानी एच एच एक्विथ। ब्रिटेन के लोग उन्हें प्यार से 'एच एच' या 'डबल एच' कहते थे। एक्विथ लिबरल पार्टी के नेता थे। एच एच के पिता यार्कशॉयर में कपड़े का कारखाना चलाते थे। वाकपटु और बौद्धिक क्षमता से संपन्न एक्विथ तेजी से राजनीति की सीढ़ियां चढ़े। ब्रिटेन के गृह मंत्री रहे और जिस वक्त आप ब्रिटेन में हैं यानी 1905 में तब एक्विथ देश के वित्त मंत्री थे। एक्विथ एक नए तरह की बजट परिपाटी लेकर आए। उन्होंने ब्रिटेन के ताकतवर अमीरों पर नया टैक्स लगा दिया। हाउस ऑफ लॉर्डस यानी ब्रिटेन का उच्च सदन खफा हो गया। 1908 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हेनरी कैंपबेल बैनरमैन ने इस्तीफा दे दिया। अब एच एच एक्विथ ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री थे। डेविड लॉयड जॉर्ज उनके वजीरे खजाना यानी वित्त मंत्री बने। लॉयड जॉर्ज को उनके चाचा ने पाला था, जो जूते सिलने का काम करते थे। वाकपटुता और बहस के लिए विख्यात जॉर्ज जब संसद में बोलते थे, तो उनके सामने कोई टिकता नहीं था। जॉर्ज बड़े दबंग थे और प्रधानमंत्री एक्विथ के लिए चुनौती भी। प्रधानमंत्री एच एच ने उनकी लोकप्रियता और क्षमताएं देखते हुए उन्हें वित्त मंत्री बनाया था। लॉयड जॉर्ज के वित्त मंत्री बनते ही ब्रिटेन के वित्तीय इतिहास का सबसे रोमांचक दौर शुरू होता है, जिसने पूरी दुनिया के बजटों को नई राह दिखा दी। डेविड लॉयड जॉर्ज मानते थे कि ब्रिटेन में गरीबों की फिक्र करने वाले आिर्थक कानून नहीं है। खासतौर पर बुजुर्ग लोग जो काम करने लायक नहीं रहते, उनके लिए कोई मदद ही नहीं है। लॉयड जॉर्ज, जर्मनी के पहले चांसलर और जर्मन राज्य के इतिहास पुरुष ओटो फॉन बिस्मार्क से प्रभावित थे। 19वीं सदी के प्रारंभ में जर्मन राज्यों को एक करने वाले महान नेता बिस्मार्क को कल्याणकारी राज्य के प्रणेताओं में माना जाता है। बुजुर्गों की पेंशन का पहला प्रयोग बिस्मार्क ने ही किया था। 1908 में एच एच ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। 1909 में डेविड लॉयड जॉर्ज पहला बजट लेकर आए। इसमें ओल्ड एज पेंशन कानून का प्रस्ताव था, जिसके तहत 70 साल से ऊपर की उम्र के लोगों को पांच शिलिंग प्रति सप्ताह की पेंशन दी जानी थी। ब्रिटेन के लिए यह क्रांतिकारी व्यवस्था थी। वित्त मंत्री डेविड लॉयड ने ब्रिटेन के इनकम टैक्स की व्यवस्था बदल दी। वित्त मंत्री लॉयड ने 5,000 पाउंड सालाना से अधिक आय वालों पर एक सुपर टैक्स लगाने का ऐलान किया। 3,000 पाउंड से ऊपर की आय वालों पर भी टैक्स बढ़ाया गया था। उनके बजट ने विरासत पर लगने वाले टैक्स की दर बढ़ा थी, इस टैक्स को डेथ ड्यूटी कहा जाता था। उन्होंने अमीरों पर वेल्थ टैक्स और कैपिटल गेंस की मिली-जुली व्यवस्था शुरू की, जिसमें संपत्तियों की मिल्कियत और बिक्री से कमाई पर मोटा टैक्स लगाया गया। इन फैसलों ने डेविड लॉयड जॉर्ज के बजट को दुनिया का पहला पीपुल्स बजट बना दिया। यानी वास्तविक आम बजट। टाइम मशीन में आपको अहसास होगा कि प्रधानमंत्री एचएच और वित्त मंत्री लॉयड जॉर्ज के इस बजट से कैसा तहलका मच गया। डेविड लॉयर्ड जॉर्ज को विंस्टन चर्चिल का समर्थन भी हासिल था। चर्चिल ने बजट लीग नाम से एक प्रेशर ग्रुप बनाया था, जिसने डेविड लॉयड जॉर्ज के प्रस्तावों का प्रचार और समर्थन किया। लॉयड जॉर्ज और चर्चिल की जोड़ी ब्रिटेन की राजनीति में बड़े बदलावों के लिए याद की जाती है। कहते हैं कि दोनों की कोशिश थी कि ब्रिटेन को किसी तरह साम्यवाद या कम्युनिज्म से बचाया जा सके। इसके लिए आम लोगों को ज्यादा सुविधा देना जरूरी था। डेविड लॉयड जॉर्ज का बजट ब्रिटेन के संसद के ऊपरी सदन को पसंद नहीं आया। हाउस ऑफ लॉर्डस में इसका विरोध शुरू हो गया। बजट पास नहीं हो पाया। वहां कंजर्वेटिव पार्टी का दबदबा था। वे अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के खिलाफ थे। प्रधानमंत्री एच एच ने सहमति की कोशिश की, मगर बात नहीं बनी। इधर वित्त मंत्री डेविड लॉयड जॉर्ज अपनी सभाओं में हाउस ऑफ लार्डस के खिलाफ आग उगल रहे थे। उनका कहना था कि ब्रिटेन के अमीर बुजुर्ग गरीबों से घृणा करते हैं। प्रधानमंत्री एच एच ने सम्राट एडवर्ड से दखल का अनुरोध किया। अंततः 30 नवंबर, 1909 को हाउस ऑफ लॉर्डस ने बजट और वित्त विधेयक को नकार दिया। प्रधानमंत्री एक्विथ की सरकार गिर गई। नए आम चुनाव हुए। जनवरी 1910 में एक्विथ फिर सत्ता में लौटे। मगर सरकार बनाने के लिए उन्हें लेबर पार्टी की मदद लेनी पड़ी। एच एच इस बार तैयारी से आए थे। उन्होंने हाउस आफ लार्डस के अधिकार सीमित करने का विधेयक पेश कर दिया। इस कानून के तहत प्रस्ताव किया गया कि अगर निचले सदन यानी हाउस आफ कामंस ने किसी कानून को तीन बार पारित किया है, तो फिर ऊपरी सदन यानी लॉर्डस इसे नहीं रोक सकता। बस फिर क्या था, ब्रिटेन की राजनीति में तूफान उठ खड़ा हुआ। एक तरफ था पीपुल्स बजट, तो दूसरी तरफ उसे रोने वाले सामंतों का अपर हाउस यानी संसद का हाउस ऑफ लॉर्डस। इस बीच सम्राट एडवर्ड का निधन हो गया। तख्त पर आए जॉर्ज पंचम। पीपुल्स बजट पर विवाद चरम पर था। एक संविधान समिति बनी, मगर टंटा दूर नहीं हुआ। बजट फंस गया था। प्रधानमंत्री एक्विथ और वित्त मंत्री डेविड लॉयड टैक्स में बढोत्तरी और पेंशन सुधारों को वापस लेने पर तैयार नहीं थे। गतिरोध इतना बढ़ा कि 1910 के दिसंबर में फिर आम चुनाव हुए। संसद का गणित जस का तस रहा। हाउस ऑफ कॉमंस का राजनीतिक संतुलन नहीं बदला। प्रधानमंत्री एच एच इस बार एक मजबूत राजनीतिक पेशबंदी के साथ आए थे। नए निचले सदन के गठन के साथ उन्होंने न केवल ऊपरी सदन की ताकत सीमित करने का विधेयक पेश किया, बल्कि लेबर पार्टी के साथ मिलकर हाउस ऑफ लॉर्डस की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव भी रख दिया। अब बाजी पलट गई।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भूख हड़ताल शुरू

❖ पहले दिन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय भूख हड़ताल पर बैठे।




**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए के नेतृत्व में ओपीएस बहाल कराने के लिए आज से 4 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शाहजहाँपुर में रेलवे स्टेशन पर शुरू हुयी। भूख हड़ताल पर बैठने बाले पदाधिकारियों का एनजेसीए के जिला संयोजक नरेंद्र कुमार त्यागी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ठिठुरती सर्दी और घने कोहरे में शुरू हुआ। भूख हड़ताल आंदोलन में युवाओं का जोश ओल्ड पेंशन बहाल कराने कों सरकार कों मजबूर करेगा। अगर भूख हड़ताल के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं करती है तो फरवरी में देश भर में चक्का जाम होगा भारत बन्द होगा पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए के द्वारा पूरे देश में शिक्षक कर्मचारी केंद्रीय कर्मचारी भूख हड़ताल कर रहे है। चार दिवस भूख हड़ताल का जरूर असर होगा। महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा से वार्ता कर सरकार जरूर कोई हल निकालेगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि आज से क्रमिक भूख हड़ताल में कल संख्या और बढ़ेगी रोजाना अलग अलग पदाधिकारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे। कल से 50 पदाधिकारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे। अंतिम दिन 11 जनवरी कों यह संख्या ज्यादा रहेगी। क्योंकि उस दिन भूख हड़ताल का समापन और ज्ञापन दिया जायेगा। नरमु सचिव शिवकुमार सक्सेना ने युवाओं से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया। आज क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने बालों में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल, जिला कोषाध्यक्ष गौरव पाण्डेय, ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रघुनन्दन प्रसाद, जिला मंत्री इंद्रपाल कनौजिया, प्रांतीय एससी एसटी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा, जिला मंत्री विनोद कुमार, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, नरमू शाखा अध्यक्ष राम औतार शर्मा व शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना सहित विनीत शुक्ला, जितेंद्र कुमार, यतेंद्र त्रिवेदी, रवि कुमार, मंजीत, राहुल कुमार, चंदा, श्याम प्रीत, सत्यम वर्मा, अशोक कुमार, दीपक कुमार, सुरेश चंद्र सैनी, अखिलेश गौरव, अभिषेक अजीत कुमार, अमित रस्तोगी, वीरपाल, अशोक पेंटर, जितेंद्र कुमार, कोशल कुमार, शिव कुमार, मिहीलाल, त्रिलोकचंद्र भास्कर सुबह 09 बजे से सायं 5 बजे तक भूख हड़ताल पर रहे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, डिप्लोमा इंजिनियर महासंघ के जिलाध्यक्ष कुलदीप सोलंकी, लेखा एवं लेखा परीक्षा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, जिला मंत्री संदीप सिंह, राजस्व संग्रह अमीन संघ के प्रदेश संगठन मंत्री जाहिद अली, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री सुनील मौर्या, चंद्र भूषण शुक्ला, विनोद गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, अमित यादव, दशरथ नंदन अवस्थी, अरविन्द शर्मा, जूनियर शिक्षक संघ के जिला मंत्री विश्राम सिंह, अशोक कुमार, अनंत कुमार सहित सैकड़ो शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक लखनऊ प्रधान कार्यालय पर हुई संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन पर हुई चर्चा पदाधिकारियो को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश लखनऊ प्रधान कार्यालय राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद संघ जिलाध्यक्ष फसाद खान, महामंत्री अमीतोष द्वेवेदी , विधिक सलाहकार शक्ति कनौजिया ,मीडिया प्रभारी मनोज कुमार वर्मा , संजीत कुमार आजाद जिला उपाध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा द्वारा प्रस्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर राजधानी लखनऊ प्रधान कार्यालय पर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक राष्ट्रीय कार्यालय लखनऊ में आयोजित हुई। जिसमें संगठन के मुखिया देवेन्द्र मिश्रा के आवाह्न पर कई जिलों के जिला अध्यक्ष वा पदाधिकारी तथा मंडल अध्यक्षों सहित प्रदेश के भी कई पदाधिकारी गणो ने भी मीटिंग में अपनी भागीदारी निभाई। सर्व प्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना करने के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्र जी ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया तत्पश्चात मीटिंग में संगठन के विस्तार वा पत्रकारों की सुरक्षा पर विशेष चर्चा हुई। तथा सभी पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। तथा हम सबके संरक्षक वा मार्ग दर्शक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि फरवरी में संगठन का राष्ट्रीय महाधिवेशन होगा जिसमे सूबे की बड़ी हस्तियां कर सकती है शिरकत देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारा संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पूरे भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। और कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष वा जिला अध्यक्ष तथा तहसील अध्यक्ष अपनी अपनी कार्यकारिणी जल्द ही कम्पलीट कर लें और महाधिवेशन में देश के कोने कोने से हमारे संगठन में जुड़े हुए हजारों पत्रकारों को बुलाया जायेगा ईस मौके पर संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी गण मौके पर मौजूद रहे।

# एक नज़र

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व के वृक्षारोपण की सूचना प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अवश्य प्रेषित की जाए। नए लक्ष्य के अनुरूप तैयारी प्रारंभ कर दी जाए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। जिला गंगा समिति के सदस्य जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन अशोक सिंह ने सुझाव दिया कि कि मेहँदीघाट में विद्युत शवदाह बनाने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत शवदाह गृह के लिए मानको के अनुरूप भूमि का चिन्हीकरण जल्द कराया जाए। गंगा किनारे स्थित ग्रामों में जैविक खेती को बढावा दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, डीएफओ शशिकांत अमरेश व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## वन विभाग और मछरेहटा पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध लकड़ी कटान का सिलसिला जारी

हरे भरे पेड़ो का आखिर क्या कसूर

आखिर क्यों जिम्मेदार सब कुछ जानकर भी बन रहे अनजान

आखिर क्यों वन विभाग और स्थानीय पुलिस को अवैध लकड़कट्टो से इतना प्रेम

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**



**मछरेहटा।** सीतापुर मिश्रिख वन क्षेत्र में आए दिन होने वाले वृक्ष कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पक्की मढिया के करीब आम की बाग मे तमाम आम व अन्य प्रजाति के भारी भरकम वृक्षों को लकड़ी ठेकेदारों द्वारा कटान कराकर साफ कर दिया गया, वहीं दूसरी तरफ नेवादा कलां ( घुसौली) में भारी भरकम शीशम पर ठेकेदार द्वारा बिना परमिट के कई पेड़ो पर आरा चलवा दिया अवैध कटान की सूचना मछरेहटा थाना अध्यक्ष पूजा यादव व मिश्रिख रेंजर दिनेश गुप्ता को दी गई दोनो ही लोगों ने कार्यवाही का आश्वासन तो दिया परंतु कोई कार्यवाही न कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया, उपरोक्त क्रम में पुनः थाना अध्यक्ष मछरेहटा पूजा यादव से बात करने के लिए कई बार उनके सीयूजी नंबर पर कॉल की गई परंतु उन्होंने फोन उठाना ही जरूरी नहीं समझा जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कही न कही मछरेहटा पुलिस व वन विभाग की भी अवैध लकड़ी कटान में अहम भूमिका है, जिसके चलते लकड़ी ठेकेदारों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और क्षेत्र में लगातार पर्यावरण मे अहम भूमिका निभाने वाले वृक्षों के अवैध कटान का सिलसिला जारी है अब देखना यह है कि क्या ऐसे ही स्थानीय पुलिस व वन विभाग लकड़ी ठेकेदारों पर महरबान रहता है या कोई कार्यवाही भी करता है।

## सरकारी कार्यालयों में सुभाष चन्द्र बोस के चित्र को लगाने की डीएम से राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने की मांग

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई के तत्वाधान में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग सुमन त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ज़िला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा हापुड़ से मिला और अपना मांग पत्र जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सौपा व मांग पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि हमारी मांग है कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का चित्र अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश त्यागी,प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला अनुशासन सचिव गुलशन त्यागी आदि मौजूद रहे।

## न्यायिक प्रतिष्ठान में स्थानीय अवकाशों की सूची जारी

**बहराइच।** वर्ष 2024 में न्यायिक प्रतिष्ठान बहराइच में 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 19 अगस्त रक्षा बन्धन, 17 सितम्बर को बारावफात, 11 अक्टूबर को दुर्गा नवमी व 04 नवम्बर को चित्रगुप्त जयन्ती/भैय्यादूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। जिला बार एसोसिएशन बहराइच द्वारा स्थानीय अवकाश के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र का संज्ञान लेते हुए जनपद न्यायाधीश द्वारा स्थानीय अवकाशों के लिए प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है।

## विश्व हिंदू परिषद ने श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत का किया वितरण



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** ग्राम अच्छेजा में विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत का वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला धर्मप्रसार प्रमुख दीपक त्यागी ने सभी ग्रामवासियों से जय श्री राम का नारा लगाते हुए आह्वान किया आने वाली 22 जनवरी को श्री राम प्रतिष्ठा होनी है जिसमें प्रत्येक गांव में सभी मंदिरों पर प्रातः 11 बजे से 1ः00 बजे के मध्य सुंदरकांड व हनुमान चालीसा या सत्संग सभी मंदिरों में होने जरूरी है। क्योंकि हमें काफी संघर्ष करने के उपरांत 500 वर्ष बाद हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिससे सभी हिंदू सनातनी भाइयों से आग्रह करते हैं तथा 22 जनवरी को शाम को सभी घरों पर दीपक जलाकर दीपावली मनायेमनाये। इस मौके पर टुक्कीराम गर्ग (व्यापारी नेता), अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी (असौड़ा हाऊस), कपिल त्यागी, मनु त्यागी, सुबीष त्यागी, शैंकी, बब्ली त्यागी, महेंद्र त्यागी, आशुतोष रस्तौगी, योगेश गोयल, अर्चित सिघल, धुर्व कंसल, अजय पत्तल, निशु त्यागी, रीतिक, नकुल त्यागी, मंयक, तुषार, बब्लू भाटी, अनुज, हार्दिक त्यागी व उज्ज्वल, आदि लोग मौजूद रहे।

## नवागत पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद बहराइच का कार्यभार ग्रहण के उपरांत की गई प्रेस वार्ता

**संवाददाता**

**बहराइच।** एसपी महोदया द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एवं शासन के विभिन्न आदेशों एवं निर्देशों के अनुपालन हेतु एवं प्रचलित प्रकरणों का समीक्षोपरांत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने का संदेश दिया गया। समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। समीक्षा गोष्ठी में जनपद में शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## किसानों के साथ उत्पीडन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ हो कानूनी कार्रवाई- चौ0पवन हूड गुर्जर



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष चौधरी पवन हूड गुर्जर ने उत्तर प्रदेश में अधिकारीयों के द्वारा किसानों का उत्पीडन होने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को सौपा और ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि मेरठ की तहसील मवाना के गरीब किसान जगबीर सिंह की फसल जबरन जोत दी गई थी गरीब किसान एसडीएम मवाना के पास गये तो उन्हें भगा दिया गया। उससे परेशान होकर गरीब किसान जगबीर सिंह ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर ली गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ऐसे अधिकारियों जो इसमें शामिल हो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया और गरीब किसान की जमीन छोड़ी जाये और किसान को मुआवजा के साथ साथ उसके बच्चो को सरकारी नोकरी दी जाये और हमारी मागे ना मानने पर भारतीय किसान यूनियन आन्दोलन करने के लिए मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष पवन हुड के साथ राजेंद्र गुर्जर, रवि भाटी, अनिल हुड, सुनीश त्यागी,रूपराम, मनोज लोहिया, मोनू त्यागी, राधेलाल, जितेंद्र नागर ,जगत सिंह, वसीम चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## फिरौती मांगने वाला इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हरदोई।** रेडीमेड कारोबारी के अपहरण करने गैंग की धरपकड़ के लिए पुलिस का आपरेशन सफाया जारी है। सोमवार को उसी अपहरण के मामले में 20 लाख की फिरौती मांगने वाले बाराबंकी के ईनामी बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।

मुठभेड़ में उसके बाएं पैर में गोली लगी, जबकि उसकी तरफ से की गई जवाबी फायरिंग में सण्डीला कोतवाली में तैनात एसआई और एक कांस्टेबिल भी ज़ख्मी हुआ है। बताते चलें कि अपहरण के इसी मामले में पुलिस से हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह था पूरा मामला बात 19 दिसंबर की है,पाली थाने के बारी गांव निवासी रेडीमेड कारोबारी रामजी मिश्रा पुत्र कमल किशोर मिश्रा का उस वक्त अपहरण कर लिया गया था,जब वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू करते हुए एक के बाद एक कर चार बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जबकि उस मामले में 20 लाख की फिरौती मांगने वाले शातिर बदमाश साबिर पुत्र मोहम्मद इस्राफिल निवासी पी/780 भिटारी पीर थाना बटावन ज़िला बाराबंकी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। इसके लिए एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम के अलावा पूरे ज़िले की पुलिस जुटी हुई थी। साबिर के ऊपर 25 हज़ार का ईनाम था। सोमवार को सण्डीला कस्बे में बस स्टॉप चौकी तिराहे पर चेकिंग की जा रही थी,उसी बीच पता चला कि बाइक सवार ईनामी बदमाश सण्डीला-औरास रोड पर सुम्बाबाग के पास से हो कर कहीं जा रहा है। इसका पता होते ही एसएचओ सण्डीला नित्यानंद सिंह, एसएचओ कासिमपुर विजेंद्र सिंह के अलावा एसओजी/स्वाट टीम प्रभारी ब्रजेश मिश्रा, सर्विलांस टीम प्रभारी आशीष सिंह ने अपनी-अपनी टीम के साथ वहां घेराबंदी कर दी। उसी बीच उधर निकले बाइक सवार ने खुद को पुलिस से घिरा देख कर फायरिंग करने लगा। पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। उसी में बाएं पैर में गोली लगने से बाइक सवार ज़ख्मी हो कर वहीं गिर पड़ा। जिसकी शिनाख्त शातिर ईनामी बदमाश साबिर के रूप में की गई। बदमाश की तरफ से की गई फायरिंग में सण्डीला कोतवाली में तैनात एसआई वीरप्रताप सिंह और कांस्टेबिल आशीष सिंह ज़ख्मी हो गया। गोली लगने से ज़ख्मी बदमाश को सण्डीला सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज भेजा गया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक




**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। रोजगार परक योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित किया जाए। व्यापारियों से लगातार संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। नगर क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द मरम्मत करायी जाए। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गंभीर प्रयास किये जायें। शहर के महत्वपूर्ण चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया जाए। शहर में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बर्खास्त लेखपाल बना शातिर ठग,नामी कम्पनी के नाम पर ठगे करोड़ो

## सौ करोड़ का प्रोजेक्ट बताकर बड़े राजनीतिक हस्तियों से ठगे करोड़ो

➤ बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर कार्यालय में दिया काम,नही मिली सैलरी तो हुआ शक।

➤ सपा नेता कयूम खा ने एसपी शाहजहांपुर से की शिकायत,तब खुला ठगी का सारा खेल।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में गेल इंडिया कंपनी के नाम पर एक बुजुर्ग व्यक्ति ने ठगी का ऐसा जाल बिछाया की उसके जाल में आम आदमी से लेकर कई जनप्रतिनिधि तक फंस गए। हालांकि ज्यादा दिन तक उसका खेल नहीं चल सका।एक शिकायत के बाद पुलिस ने इस शातिर ठग को उसके कार्यालय से धर दबोचा।जहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में गेल कंपनी के फर्जी दस्तावेजों के साथ,तमाम कागजात, उपकरण और मोहरे बरामद की।पकड़े गए ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया। तस्वीरों में पुलिसकर्मियों के बीच खड़ा यह बुजुर्ग कोई आम शख्स नहीं है बल्कि यह एक बहुत शातिर ठग है।पेशे से कभी लेखपाल रहा यह बुजुर्ग अपनी ठगी की आदत के चलते विभाग से बर्खास्त कर दिया गया लेकिन इसका शातिर दिमाग कभी शांत नहीं बैठा।इसका नाम रामनरेश शुक्ला उर्फ नन्हे उर्फ रामास्वामी है।यह हरदोई जिले के कस्बा शाहबाद का रहने वाला है।रामनरेश ने गेल इंडिया कंपनी के नाम पर शाहजहांपुर के कस्बा निगोही में एक क्षेत्रीय कार्यालय खोला।रामनरेश ने निगोही व आसपास के रहने वाले कुछ बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिए और उनसे काम लेने लगा।इसके कार्यालय में निगोही के सपा नेता कयूम खान की बेटी भी काम करती थी। रामनरेश शुक्ला ने काम करने वालो को दो माह से वेतन नहीं दिया।जिस पर कयूम खान को शक हुआ।उन्होंने इसकी जानकारी जुटाई तो सच्चाई सामने आई। कयूम खान को मालूम चला गेल इंडिया कंपनी का कोई कार्यालय शाहजहांपुर में संचालित ही नहीं है।इस पर कयूम खान ने एसपी अशोक कुमार मीणा से मिलकर शिकायत की।एसपी ने जांच करवाई तो मामला सही पाया।पुलिस ने कार्यालय में दबिश देकर रामनरेश शुक्ला उर्फ रामास्वामी को पकड़ लिया।इस दौरान पुलिस को इसके दफ्तर से गेल इंडिया कंपनी के फर्जी लैटर पैड,गैस अथोर्टी ऑफ इंडिया के रोड मैप,गैस अथोर्टी ऑफ इंडिया के 20 फर्जी नियुक्ति पत्र,रिज्यूम,फर्जी आधार कार्ड,कंप्यूटर,मोबाइल के साथ और भी सामान बरामद हुआ। इस शातिर नटवरलाल रामनरेश शुक्ला का असली मोटिव लोगो को गैस पाइप लाइन बिछाने के नाम पर ठगी करना था।बकायदा इसके लिए इसने टेंडर फाइल तक तैयार करवाई थी।ठेका दिलवाने के नाम पर इसने कई जनप्रतिनिधियों को ठगी का शिकार बनाया था।इसने काम करने वाले लोगो को 32 सौ करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट बताया था।बकायदा ठेका लेने वालो से अपने नाम पर डीडी तक जमा करवा ली थी।कई लोगो से ठगी करते हुए आफिस फर्नीचर ले लिया।सत्तापक्ष के कुछ नेताओं को भी इसने नहीं छोड़ा।उनसे कार्यालय में प्रति माह के हिसाब से गाड़ी लगवाने के नाम पर नई गाड़ियां खरीदकर लगवा दी लेकिन बदले में किसी को एक पैसा तक नहीं दिया। रामनरेश शुक्ला उर्फ रामास्वामी के पकड़े जाने के बाद सभी को खुद के ठगे जाने का अहसास हुआ।

## अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना कौडिया का किया गया औचक निरीक्षण

**गोण्डा।** अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय द्वारा थाना कौड़िया का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना परिसर, कार्यालय, ष्टष्टञ्जहृ, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिकार्डो को अद्यावधिक करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मासिक निरीक्षण रजिस्टर व अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने की पुलिस फोर्स के साथ कस्बा कौड़िया बाजार में पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# राष्ट्र, समाज, नागरिक अधिकारों का हित ही पत्रकारों का काम

❖एनयूजेआई कार्यकारिणी बैठक में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, देशविरोध में लिप्त कथित पत्रकारों का समर्थन नहीं।
❖वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी को मिला राष्ट्रीय संगठन मंत्री का दायित्व, हरीश सैनी बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** पत्रकारिता का मूल सिद्धांत और उद्देश्य राष्ट्र-हित, समाज-हित और नागरिक अधिकारों का पक्षधर बनकर लोकतंत्र को सशक्त करना है। यही उद्देश्य और सिद्धांत पत्रकारों का भी होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के मामले में देशविरोधी ख़बरों के प्रसारण में लिप्त पाए गए कथित न्यूज पोर्टल संचालकों पर हुई कार्रवाई का समर्थन होना चाहिए। विदेशी फंडिंग के सहारे देशविरोधी गतिविधियों को आगे बढ़ाने वाले न्यूज़ क्लिक मामले में भी केंद्र सरकार की कार्रवाई उचित है। देशविरोधी गतिविधि में शामिल लोगों की जांच हो, आरोपी बेनकाब किए जाएं। पत्रकारिता की आड़ लेकर देश और समाज का अहित करना गलत है। उक्त बातें नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने रविवार को लखनऊ में कहीं। वह एसआर कॉलेज, बख्शी का तालाब में आयोजित संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि एनयूजेआई संगठन के विस्तार के लिए सभी प्रदेश इकाइयों को सदस्यता अभियान चलाना है। उन्होंने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय के संचालन के लिए कोष में वृद्धि किए जाने पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों की इकाइयों का चुनाव नहीं हुआ है, वहां चुनाव कराए जाने के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश इकाई के संयोजक प्रमोद गोस्वामी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री और हरीश सैनी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिए जाने की घोषणा की। भोपाल से आए राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि 23 जनवरी को संगठन का 52वां स्थापना दिवस देश भर के जिला मुख्यालयों पर मनाया जाए। इस उपलक्ष्य में देश के सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजकर संगठन के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया जाए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंह एवं संरक्षक कमलकांत उपमन्यु ने एक-एक लाख रुपये की धनराशि संगठन के समर्पित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी एवं एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकार जीवन भर समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए संघर्ष करते रहते हैं, उनके निजी जीवन में होने वाली उथल-पुथल को कोई महसूस नहीं करता है। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के परिजनों के लिए देश भर में कहीं भी रोजगार और नौकरी आदि दिलाने जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप बायोडाटा भेजिए और योग्यता के अनुसार नौकरी लीजिये। प्रदेश संरक्षक सुरेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि नवोदित पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था संगठन करने जा रहा है। एनयूजे स्कूल ऑफ जर्नलिज्म इसकी रूपरेखा बना रहा है। इस दौरान लखनऊ जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य, जिला महामंत्री पद्माकर पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष अनुपम पांडेय के साथ अन्य पदाधिकारियों में मीनाक्षी सिंह, गरिमा सिंह, मनीषा सिंह, संगीता सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, अश्वनी जायसवाल, पंकज सिंह चौहान, आलोक श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दुर्वेन्द्र सिंह चौहान के साथ ही कार्यकारिणी बैठक में शामिल सभी प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की इकाई घोषित ~ राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने उत्तर प्रदेश इकाई की घोषणा की। छह सदस्यों वाले संरक्षक मंडल में लखनऊ के प्रमोद गोस्वामी, सुरेन्द्र कुमार दुबे, अजय कुमार, के बक्स सिंह, वाराणसी से अरविंद सिंह एवं मथुरा से कमलकांत उपमन्यु शामिल हैं। लखनऊ के वीरेन्द्र सक्सेना को अध्यक्ष, बरेली के निर्भय सक्सेना, फिरोजाबाद के द्विजेंद्र शर्मा, वाराणसी के प्रदीप कुमार सिंह, सीतापुर के हिमांशु सिंह, चंदौली के संतोष यादव एवं आगरा के विवेक जैन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रतापगढ़ के संतोष भगवन को महामंत्री, लखनऊ के अनुपम चौहान को कोषाध्यक्ष एवं लखनऊ के ही डॉ.अतुल मोहन सिंह को प्रदेश प्रवक्ता घोषित किया गया है। मिर्जापुर के राकेश श्रीवास्तव, बदायूं के सचिन भारद्वाज, उन्नाव के अरुण अवस्थी, बाराबंकी के मजहर सलीम, रायबरेली के दुर्गेश मिश्रा, महोबा के केजी सिंह एवं प्रयागराज के कमल श्रीवास्तव को मंत्री/सचिव का दायित्व मिला है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों में फर्रुखाबाद के प्रदीप गोस्वामी, सुल्तानपुर के मनोज कुमार, लखनऊ के किशन सेठ, अरुण शर्मा टीटू एवं एस.वी. सिंह उजागर एवं कासगंज के विक्रम पाण्डेय शामिल हैं।

## सोना चांदी की दुकान में कार्य करने वाले नोकर ही चुरा ले गए सोने चांदी का ज्वेलर्स

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06/01/2024 को फरियादिया नीलम सोनी पिता गोविंद प्रसाद सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी पठानी मोहल्ला बहोरीबंद थाना बहोरीबंद जिला कटनी के द्वारा थाना में रिपोर्ट की गई थी की यह स्वयं अपने पिता की मुन्ना ज्वेलर्स की संचालिका है जो दुकान में जेवर समान कुछ कम होने की आशंका पर मिलान किया मिलन करने पर 15 जोड चांदी की पायल एवं 01 सोना का लाकिट कीमत करीब 75,000 रुपये के कम पाए जाने से दुकान में काम करने वाले कर्मचारी डिन्नू बर्मन एवं धरमू यादव दोनो निवासी बहोरीबंद पर चोरी करने का संदेह होना बताया था रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 04/24 धारा 381 भादवि पंजीबद्ध पुलिस द्वारा किया गया, उसके बाद स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन पर बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, ने फरियादी की सोना चांदी की दुकान के कर्मचारी डिन्नु बर्मन एवं धरमू यादव को अभिरक्षा में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो जुर्म कबूल कर चोरी की हुई चांदी की पायल अपने अपने घर में रखना बताने के मुताबिक मोमेरेंडम के आरोपी डिन्नू पिता शंकरलाल बर्मन उम्र 32 साल निवासी पुरानी बाजार चौघटिया मोहल्ला बहोरीबंद के कब्जे से 04 जोड़ी चांदी की पायल एवं धरमू यादव पिता चिरोजीलाल यादव उम्र 60 साल निवासी दर्शननगर बहोरीबंद के कब्जे से 04 जोड़ी चांदी की पायल

कुल 08 जोड़ी चांदी की पायल कीमती 45000 रूपये का मधरूका बरामद किया गया प्रकरण के शेष मशरूका की बरामदगी में निरीक्षण सुरेंद्र शर्मा थाना प्रभारी बहोरीबंद, सउनि अनुराग पाठक म. प्र. आर. 485 वंदना उईके आर. 128 कोमल शा आर. 339 विशाल शिवहरे की भूमिका रही।

## एक नज़र

### ग्रामीणों को मिला उजाला स्ट्रीट लाइट हुई सही

द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत अतरौली हरदोई। विकास खंड भरावन के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुरी मझिगंवा में लगी काफी महीनों से खराब





पड़ी थी स्ट्रीट लाइट भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के युवा ब्लॉक अध्यक्ष ने स्ट्रीट लाइट को सही करवाया जिससे ग्रामीणों को मिला उजाला रात में गावो में काफी अंधेरा हो जाता है ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कतें होती है जिससे भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के युवा ब्लाक अध्यक्ष अनुज कुमार ने लाइटों को सही करवाया और गांव में रोशनी की उंगी नयी किरण।

### जिले में स्वामी विवेकानंद और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

कटनी कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्कूल शिक्षा विभाग को दिए निर्देश



**द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय मध्य प्रदेश,कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग 10 से 14 जनवरी 2024 तक जिले में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस संबंध में कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किया हैं। जिले में 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्याख्यान संबंधी कार्यक्रम होंगे। इसके अगले दिन 11 जनवरी को योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अभ्यास के साथ विद्यार्थियों के इसके महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार और 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊँची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य स्थानीय पारंपरिक खेल होंगे। पाँचवे और अंतिम दिन 14 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता होंगे। इसी दिन विद्यार्थियों को स्थानीय साइंस सेंटर और म्यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जायेगा। निर्देशों में कहा गया है कि प्राचार्य कक्षा 10 और 12वीं की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी सहभागिता को स्वैच्छिक करे।

### शीत लहर को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी

**द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय, मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। शासन से जारी आदेशानुसार आगामी 20 जनवरी तक के लिये स्कूल खुलने की नई समय-सीमा निर्धारित की गई है। म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेशानुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे प्रातः 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी प्रातः 10 बजे से ही संचालित होंगे।

## नमो ऐप डाऊनलोड करने से व्यापारी को मिलेगी विकसित भारत के बारे में जानकारी-विनीत शारदा

### कसेरठ बाजार में नमो ऐप डाऊनलोड करवाने के लिए लगा शिविर

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ट दक्षिण मंडल ने भगवान महावीर मार्ग कसेरठ बाजार में नमो ऐप डाऊनलोड करवाने की लिए शिविर लगाया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा केंद्र सरकार सभी वर्गो के सतत विकास में प्रयासरत है केंद्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड दिए, उज्वला योजना, गरीबों को उनके घर दिए, व्यापारियों को लोन की सुविधा, रेडी पटरी वलियों को भी उनके कार्य के हिसाब से बिना ब्याज के लोन दिया, यह सब सुविधा भारत में रहने वाले नागरिकों को मिली आज से केई वर्ष पुराना सपना राम मंदिर का पूरा होने जा रहा है देश में सड़कों का रेलों का जाल है यह सारी जानकारियां आज हम नमो ऐप से प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए व्यापार प्रकोष्ठ ने व्यापारी भाइयों के लिए नमो ऐप का कैंप बाजार में लगाया है आज भारत का व्यापारी समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ रहा है। व्यापार प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश में सभी शहरों में केम्प लगाकर व्यापारी भाइयो को नमो एप के माध्यम से जोड़ रहे है। जिससे व्यापारी भाइयो को विकसित भारत के बारे में जानकारी मिलेगी। आज हमारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने की तरफ अग्रसर है। इस कैम्प में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता जिला सहसंयोजक दीपांशु गर्ग, दक्षिण मंडल संयोजक योगेंद्र अग्रवाल,विनोद वर्मा, पुलकित जैन, सम्भव अग्रवाल, विकास जैन,राकेश जैन, गोपाल अग्रवाल, शिवदत्त शर्मा गोपाल अमित शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जय श्री राम...जन-जन के मन में राम,डॉ पुष्पेंद्र पासी ने प्रेस कांफ्रेंस कर रामलला प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी की साझा

### पीएम मोदी के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

❖हरी झंडी दिखाकर अमृत कलश यात्रा के रथों को किया रवाना


निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स





**लखनऊ।** अब हमारे प्रभु मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, आराध्य राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिल चुका है,उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर पुष्पेंद्र पासी ने कही। आपको बता दें कि लोकसभा लोकसभा मोहनलालगंज के अंतर्गत मलिहाबाद स्थित बाबा मैरिज हाल में लोकसभा मोहनलालगंज से भाजपा से दावेदारी कर रहे,पुष्पेंद्र पासी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि त्रेता युग से धर्म और मर्यादा को अपने दामन में समेटे अयोध्या 500 सालों से अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मस्थली को लेकर एक संघर्ष भरी लड़ाई लड़ रही थी,जो लड़ाई खत्म हो चुकी है आगामी 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी।एक बहुप्रतीक्षित विकास में, भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे दुनिया भर के हिंदुओं में अपार खुशी है। यह बहुप्रतीक्षित धार्मिक इमारत लाखों लोगों के लिए गहरा महत्व रखती है।इस अत्याधुनिक मंदिर का भव्य उद्घाटन 22 जनवरी 2024 को निर्धारित है।5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन समारोह और आधारशिला रखने के तुरंत बाद निर्माण शुरू हुआ था, जिसमें ईंटों पर ÷जय श्री राम÷ लिखा हुआ है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी शामिल होंगे।

## पूर्व सैनिक वाई के शर्मा बने कांग्रेस प्रकोष्ठ कमेटी हापुड़ के जिला चेयरमैन



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।**पूर्व सैनिक विभाग कांग्रेस प्रकोष्ठ के चेयरमैन सेवानिवृत्त एयर मार्शल अशोक गोयल ने हापुड़ में अर्जुन नगर के रहने वाले वाई के शर्मा को पूर्व सैनिक को कांग्रेस कमेटी हापुड़ का जिला चेयरमैन नियुक्त किया हैं और उम्मीद जताई हैं कि वह कांग्रेस संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को मजबूत बनाएंगे। नवनियुक्त जिला चेयरमैन वाई के शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त किया हैं और आश्वासन दिलाया हैं कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपना दायित्व पूरी तरह से निभायेंगे और लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी, पूर्व मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, सावन चौधरी, अब्दुल कलाम, गुलफाम कुरैशी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा शर्मा आदि पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी हैं।

## ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन व पुरानी पेंशन योजना बहाली

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के सवारी डिब्बा कारखाना आलमबाग मे विद्युत शाखा यूनियन धरने पर बैठ कर पुरानी पेंशन को बहाली करने की जिद ठान ली है। लखनऊ कार्यालय के परिसर मे हत्रूयूनियन का अनशन जारी कर दिया हैं। एक जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन पुरानी पेंशन योजना बहाली करने के लिए सभी शाखों पर धरना प्रदर्शन चार दिनों के लिए किया जा रहा है। जिसमे प्रदेश सरकार के विरोध में लगातार रेलवे कर्मचारी विरोध प्रदर्शन जारी कर दिया है। अगर सरकार ने इनकी मांगो को पूरा नहीं करेगी तो आगे और भी अधिक ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसमे महामंत्री के का. शिव गोपाल मिश्रा व विद्युत शाखा मंत्री का. मणि कान्त शुक्ला के नेतृत्व मे अपनी मांगों को लेकर कार्यो को ठप कर हड़ताल जारी कर दिया है।

## महबूबा ने उल्फा पर केंद्र को घेरा, कहा- पूर्वोत्तर में संवाद तो कश्मीर में नागरिकों से आतंकियों जैसा बर्ताव

**जम्मू कश्मीर।** महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जब केंद्र पूर्वोत्तर में आतंकवादियों के साथ बातचीत कर रहा था, तब उसने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों को आतंकवादी करार दिया जा रहा था। असम में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट (उल्फा) के साथ केंद्र की वार्ता को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सरकार को घेरा। महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार पूर्वोत्तर में आतंकियों से बातचीत कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर में नागरिकों से साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

## वर्दी के अंदर गुंडागर्दी

### नशे की हालत मे देखें होमगार्ड धीरेंद्र पांडे जो कि तैनात सिधौली कोतवाली



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

जनपद सीतापुर की अंतर्गत थाना रामपुर कला ग्राम पंचायत महिमा पुर मैं करीब कल रात 5:00 से 7:00 के बीच होमगार्ड धीरेंद्र पांडे शराब के नशे मे पत्रकार प्रिंस पांडे वा उनके परिवार वालों झूठी मुकदमे में फसाने की दी धमकी व उनको गंदी गंदी गाली देती नजर आए वर्दी के अंदर दिखाई गई गुंडागर्दी प्रिंस पांडेय पत्रकार के घर पर कि गई पत्थर बाजी जो कि घर के अंदर पत्थर पड़े देखने को मिले वा जान से मारने की दी धमकी मोके पर पहुंची 112 ने मामला को शांति कराएं नजदीकी थाना रामपुर कला में दिया गया प्राथनापत्र अभी तक कोई नहीं हुई कारवाही होमगार्ड धीरेंद्र कुमार पांडे शासन प्रशासन की उड़ान धज्जियां शासन प्रशासन मौन क्या इसी तरह से होमगार्ड शराब की नशे में करते रहेंगे मनमानी वायरल वीडियो में जो कि साफ-साफ दिख रहा है शराब की नशे में होमगार्ड धीरेंद्र पांडे किस तरह झूमर है फिर भी अभी तक शासन प्रशासन इस पर नहीं दे रही ध्यान एक तरफ योगी सरकार कह रही है हमारी सरकार में गुंडागर्दी नहीं हो रही है वहीं दूसरी तरफ वर्दी के अंदर गुंडागर्दी देखने को मिल रही है क्या उस पर कार्यवाही हो पाएगी अब देखना यह है

# जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए- मुख्यमंत्री डॉ यादव

## जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस का आवागमन सुगम हो

❖ मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा।

द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय



**मध्य प्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य ऐजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित थीं।

### डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। डॉ यादव ने कहा कि शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पुलिस बैंड प्रशिक्षण के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की तथा 15 अगस्त तक सभी जिलों में पुलिस बैंड की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### अपराध और ठगी के नए तरीकों पर नियंत्रण जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयाँ न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत लोगों से भी संबंध और सम्पर्क बनाएं।

### नगरीय निकाय मांस विक्रय के लिए जल्द विकसित करें विशेष क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि खुले में मांस के विक्रय पर कार्रवाई की जाए तथा नगरीय निकाय और नगर पंचायतें बजट में विशेष प्रावधान कर मांस विक्रय के लिए विशेष क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाई तेज गति से करें। राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में गंभीर अपराधों में आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण, महिला अपराधों पर नियंत्रण, मादक पदार्थों पर की गई कार्रवाई, नाबालिग बालक- बलिकाओं की बरामदगी, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, साइबर क्राइम पर की गई कार्यवाही तथा नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई।

### जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### भोपाल नगरीय पुलिस में आईपीसी अपराधों में आई गिरावट

भोपाल नगरीय पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायण चारी मिश्रा ने भोपाल नगरीय पुलिस के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपराध वर्ष 2022-23 में भोपाल में आईपीसी अपराध में 6 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामलों में 42 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 14 प्रतिशत,लूट में 16 प्रतिशत, बलात्कार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां बढ़ी हैं। पुलिस आयुक्त ने भोपाल कमिश्नरेट के उल्लेखनीय कार्यों को भी प्रस्तुत किया। बैठक में भोपाल संभाग के विधायकगण, मुख्य सचिव वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बहू के खिलाफ सास करा सकती है घरेलू हिंसा का केस

# उसके पिता और भाई पर नहीं, जानें बॉम्बे हाई कोर्ट का आदेश

संवाददाता



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि घरेलू हिंसा कानून के तहत सास की बहु के खिलाफ शिकायत सुनवाई योग्य है। जस्टिस नीला गोखले ने बहू की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। सास ने बहू के खिलाफ सातारा मैजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी, जिसे रद्द करने की मांग को लेकर बहू ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस गोखले ने बहू को राहत देने से मना कर दिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने घरेलू हिंसा मामले में एक अहम फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने यह अभिनिर्धारित करते हुए कहा कि एक सास अपनी बहू के खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत कर सकती है लेकिन बहू घरवालों के खिलाफ नहीं। हाई कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अधीन विचारणीय है, लेकिन यह बहू के पिता और भाई के विरुद्ध विचारणीय नहीं है। न्यायमूर्ति नीला गोखले ने फैसले में कहा, %हालांकि डीवी अधिनियम का उद्देश्य एक महिला को घरेलू हिंसा से बचाना है, लेकिन यह एक सास को डीवी अधिनियम के तहत अपने बहू के पिता और भाई पर मुकदमा चलाने का अधिकार प्रदान नहीं करता है। बहू, जरीना (बदला हुआ नाम) के पिता और भाई ने सतारा मजिस्ट्रेट की शिकायत और नवंबर 2018 के समन को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। जरीना की शादी मई 2016 में हुई थी। उसके पति और परिवार ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे जबरदस्त क्रूरता का शिकार बनाया।

**2017 में हुई थी शिकायत**

जरीना ने दिसंबर 2017 में अपने पति और उसके परिवार के खिलाफ डी. वी. अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। उसकी सास ने भी डीवी शिकायत दर्ज कराई। जरीना के वकील सुशील उपाध्याय ने कहा कि पक्षों के बीच कभी भी कोई साझा परिवार नहीं था और उनके मुवक्किल उन श्रेणियों में फिट नहीं होते हैं जिनके खिलाफ डी. वी. शिकायत दर्ज की जा सकती है।

**हाई कोर्ट ने क्या कहा**

न्यायमूर्ति गोखले ने कहा कि शिकायत से पता चलता है कि जरीना के पिता और भाई के कभी भी उसकी सास के साथ घरेलू संबंध नहीं थे। हालांकि, सास ने दावा किया कि जरीना के पिता उसके पति के चचेरे भाई थे और इसलिए शादी के बाद उससे संबंध रखते थे। हाई कोर्ट ने कहा कि हालांकि, पूरी शिकायत से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोप जरीना के पिता और भाई के रूप में उनकी क्षमता में हैं, न कि उसके वैवाहिक संबंध के माध्यम से। न्यायमूर्ति गोखले ने कहा कि किसी न किसी तरह से इन याचिकाकर्ताओं को घरेलू संबंधों में फिट करने के लिए सास का अक्षम प्रयास दूरगामी है और इसलिए यह विफल है।

**सास के आरोप**

सास ने आरोप लगाया कि जरीना के पिता और भाई ने जोर देकर कहा कि उसका बेटा उनके साथ रहे और उसके खिलाफ धमकियां दी गईं। न्यायमूर्ति गोखले ने कहा कि ये कथन स्वयं इन दोनों को अधिनियम में पीड़ित व्यक्ति, घरेलू हिंसा, प्रतिवादी या साझा परिवार की परिभाषा के तहत नहीं लाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पिता और भाई की धमकी और हिंसा के आरोप उन्हें अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी बनाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। न्यायमूर्ति गोखले ने पिता और भाई के खिलाफ शिकायत को खारिज कर दिया और समन को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि शिकायत से यह संकेत नहीं मिलता है कि जरीना और उनकी सास काफी समय तक एक ही घर में रह रही थीं, लेकिन वे शादी से संबंधित हैं और कुछ समय के लिए एक संयुक्त परिवार में भी रहे हैं। यह देखते हुए कि घरेलू हिंसा अब लिंग तटस्थ है, उन्होंने कहा कि जरीना %प्रतिवादी% की परिभाषा के भीतर आएगी। इसलिए, न्यायमूर्ति गोखले ने कहा कि जरीना के खिलाफ सास की शिकायत अन्य (डीवी) मानदंडों की संतुष्टि के अधीन है।

# साथ जिएंगे साथ मरेंगे - अलग-अलग समुदाय के प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान

निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स



**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र अंतर्गत में अलग-अलग समुदाय से संबंध रखने वाले प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दे दी। आपको बता दें कि आज भी समाज में प्रेम-विवाह करने वालों को हिकारत की नजर से देखी जाती है। जब कोई प्रेम विवाह करने की बात करते हैं तो उसके घर वाले विरोध करना शुरू कर देते हैं। ऐसे में इश्क करने वाले प्?यार के लिए अपनी जिंदगी को समाप्?त करने जैसा बड़ा कदम उठा लेते हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है।माल थाना क्षेत्र अंतर्गत में प्रेमी-प्रेमिका ताउम्र एक-दूजे के होना चाहते थे, लेकिन अलग अलग बिरादरी के होने के चलते एक न होने के चलते दोनों ने जहर खाकर जान दे दी। मिली जानकारी अनुसार माल थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलौली गांव निवासी बाबूलाल कोरी के पुत्र विकास कोरी का पीर नगर गांव निवासी राम बखूश मौर्य की पुत्री गीता के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस के मुताबिक सोमवार को पीर नगर निवासी राम सागर मौर्य द्वारा लिखित सूंचित किया गया कि, रविवार की रात उसकी बहन गीता खाना खाकर सो गई थी।सुबह अपने बिस्तर पर वह मृत पड़ी मिली । दूसरी तरफ अमलौली निवासी बाबूलाल ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसका बेटा विकास बीते रविवार की शाम खाना खाते समय अचानक गिर कर तड़पने लगा। कुछ ही मिनटों में वह बेहोश हो गया। आनन फानन उसे सीयचसी ले जाया गया परन्तु वहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नज़र

### बैगा परिवारों का सर्वे कर दिलाए योजनाओं का लाभ- कलेक्टर

कलेक्टर ने ली सेक्टर आफिसरों की बैठक

संवाददाता



**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने आज जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सेक्टर आफिसरों की बैठक ली। कलेक्टर ने सेक्टर अफिसरों को निर्देश दिए कि शहडोल जिले के समस्त बैगा आदिवासी परिवारों के हर एक व्यक्ति का सर्वे किया जाए और पात्रतानुसार केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम जनमन अंतर्गत क्रियान्वित की जाने वाली समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं यथा, आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या स्मृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, सिकल सेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत लक्ष्य 15 जनवरी 2024 के पूर्व अनिवार्य रूप से प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, पीएम जनमन अंतर्गत सम्मिलित समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु स्वयं स्थल भ्रमण के साथ ही कैम्प आयोजित कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी पीवीटीजी ग्राम, बसाहटों का शत प्रतिशत सर्वेक्षण,सत्यापन भी कराया जाए। बैठक में बताया गया कि 08 जनवरी 2024 को मेगा सर्वे भी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, श्रीमती ममता मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

### देश में और फूड स्ट्रीट बनाए जाएंगे

**उज्जैन।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने देश की प्रथम हाईजेनिक फूड स्ट्रीट प्रसादम के लोकार्पण पर उज्जैनवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार डेवलपमेंट को स्वास्थ्य से जोड़ा है। स्वास्थ्य अच्छा रहे इसके लिए, जहां अस्पतालों की आवश्यकता है। वहीं, आम नागरिकों को स्वस्थ व स्वच्छ फूड मिले, इसकी भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश में और भी स्थानों पर फूड स्ट्रीट बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर लोकार्पण एवं शिलान्यास के कार्य हुए हैं। डॉ. मांडविया ने बताया कि कोविड की लहर के दौरान हमने बहुत-कुछ सीखा। 140 करोड़ की जनसंख्या के वैक्सीनेशन के लिये महाअभियान चलाया। 220 करोड़ वैक्सीन के डोज लगाए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। डॉ.मांडविया ने कहा कि वर्ल्ड इकॉनामिक फोरम में स्वयं बिल गेट्स में मुझे बधाई दी और कहा कि भारत में जिस तरह अपने आपको कोविड के दौरान मैनेज किया, वैक्सीनेशन का महाअभियान सफलतापूर्वक चलाया, दुनिया में इसकी मिसाल नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि जब मैंने बताया कि भारत में प्रतिदिन 40 किलो मीटर सड़क बनाई जाती हैं तो लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ। डॉ.मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हममें वह सामर्थ्य है कि हम देश की जरूरतों को पूरा कर सकें और उसे आकार दे सकें। आयुष्मान भारत अभियान के तहत प्रत्येक जिले में 100 करोड़ रुपये स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश को आने वाले समय में धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पहले धन की कमी के चलते स्वास्क केन्द्र और स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित नहीं हो पाई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत अभियान प्रधानमंत्री आवास एवं उज्वला योजना बनाई। शासन आम नागरिकों को निश्शुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में आर्थिक क्रान्ति हो रही है। पहले 25 हजार श्रद्धालु उज्जैन आते थे, लेकिन जब से महाकाल लोक बना है, तब से प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु उज्जैन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उज्जैन में अभूतपूर्व विकास के कार्य कराये हैं। जो व्यक्ति उज्जैन आता है, वह यहां के विकास कार्यों को देखकर आश्चर्य में पड़ जाता है। उज्जैन की तस्वीर बदल गई है। आज उज्जैन प्रदेश में नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रसादम का निर्माण एफएसएसएआई और स्मार्ट सिटी ने मिलकर किया है। नौ हजार वर्गफीट में फैले प्रसादम में हाईजेनिक फूड उपलब्ध होंगे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने रिमोट का बटन दबाकर हाईजेनिक फूड स्ट्रीट की वेब साइट का उद्घाटन किया। साथ ही हाईजेनिक एवं हेल्दी एएसपी ब्रोशर पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने मानसिक स्वास्थ्य पर केन्द्रित मनहित ऐप का भी शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मांडविया के संकल्प को साकार करते हुए मध्य प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएंगे।

# पहले राम के काम फिर यूसीसी का इंतजाम...

## देवभूमि के वातावरण को राम मय बनाने के लिए ऐसी है तैयारी

संवाददाता



**देहरादून।** देवभूमि के वातावरण को राम मय बनाने के लिए सीएम धामी ने भी कई फैसले लिए हैं। इस वक्त उनका इरादा भगवान श्रीराम और अयोध्या से राज्य की जनता को कनेक्ट करने का है। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले भगवान श्रीराम के कार्यों में जुटेंगे और उसके बाद अगला दांव समान नागरिक संहिता का होगा। उत्तराखंड में यूसीसी का इंतजाम करने से पहले सीएम देवभूमि के वातावरण को राम मय बनाने के अभियान में जुटेंगे। भाजपा की ओर से सभी पार्टी सांसदों, विधायकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कार्यक्रम दिए गए हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में देवभूमि को राम मय बनाने की योजना है। सियासी हलकों में सबकी निगाहें मुख्यमंत्री धामी पर लगी हैं कि वे कब समान नागरिक संहिता राज्य में लागू करते हैं। उन्होंने कहा, इस महीने में यूसीसी की विशेषज्ञ समिति उन्हें ड्राफ्ट रिपोर्ट सौंप देगी, लेकिन इस दांव को धामी बाद में चलेंगे। सबसे पहले उनका इरादा भगवान श्रीराम और अयोध्या से राज्य की जनता को कनेक्ट करने का है। इसके तहत अधिकारियों के साथ सुबह की ब्रीफिंग बैठक की शुरुआत राम भजन से हो रही है।

**उत्तरायणी मेले को अयोध्या थीम पर करने के निर्देश**

उत्तराखंड से अयोध्या को सीधे परिवहन सेवा से जोड़ने के लिए उन्होंने हवाई और रेल सेवा का मुद्दा उठाया है। उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और रेल मंत्री को पत्र भी लिख दिया है। राज्य के प्रमुख शहरों से सीधे अयोध्या के लिए रोडवेज बस सेवा भी शुरू होने जा रही है। अयोध्या में राज्य सरकार एक भव्य उत्तराखंड निवास की योजना भी बना चुकी है। इसके लिए सरकार को उत्तर प्रदेश से भूमि आवंटन का इंतजार है। अयोध्या से होकर बहने वाली सरयू नदी का संबंध भी उत्तराखंड से है। यह बागेश्वर जिले से उत्पन्न होती है और शारदा नदी में विलय होती है और काली नदी के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य से गुजरती है। मुख्यमंत्री ने बागेश्वर में होने वाले उत्तरायणी मेले को अयोध्या थीम पर करने के भी निर्देश दिए हैं।

**श्रीराम के नाम के साथ तरकश से निकलेंगे कई तीर**

सीएम धामी राम के काम और नाम के साथ अपने तरकश से सिलसिलेवार फैसलों के तीर छोड़ेंगे, जो लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकते हैं। मसलन, 22 जनवरी के बाद उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की कवायद जोर पकड़ सकती है। इसके साथ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी की संभावना है। अभी अभियान की चाल कुछ सुस्त है।

# थाना प्रभारी की पहल छात्र छात्राओं की समझदारी को बढ़ाने का किया प्रयास



❖ थाना प्रभारी के बताएं मार्गदर्शन पर चलने का छात्र-छात्राओं ने दिया पूर्ण अवशासन

द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी जिले के स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया द्वारा स्लीमनाबाद के अलग-अलग विद्यालयों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मोटरसाइकिल पर हेलमेट और फोर व्हीलर पर सीट बेल्ट लगाने एवं यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने और खुद की सुरक्षा को लेकर समझदारी के साथ वाहन चलाने की सलाह और समझाइए छात्र-छात्राओं को दी गई, साथ ही अपने अपने परिवारों एवं रिश्तेदारों को भी हेलमेट सीट बेल्ट और सुरक्षा समझदारी के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित करने की सलाह देने की बात कही है थाना प्रभारी की इस पहल को लेकर छात्र-छात्राओं ने बड़ी ही समझदारी से अपनाया है और स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया को अवशासन दिया है छात्र-छात्राओं ने कहा कि आपने जो भी यातायात के नियमों का सुझाव दिया है वह हम लोगों के जीवन को सुरक्षित रखने की सलाह है जिसे हम पूर्ण रूप से अपने जीवन पर ग्रहण करेंगे और वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक का हुआ आयोजन




निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकास खण्ड मोहनलालगंज मे सोमवार को बीडीओ पूजा की अगुवाई मे ब्लाक सभागार कक्ष मे विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के मद्देनजर समस्त ग्राम पंचायत सचिवों , सहायक विकास अधिकारी सहित चिकित्सा स्वास्थ्य , बाल विकास एवं पुष्टाहार ,पशुपालन विभाग ,बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान बीडीओ पूजा सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के मद्देनजर केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चल रही योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक मे एडीओ पंचायत अशोक यादव , एडीओ कोआपरेटिव प्रदीप कुमार , एपीओ उदय राज शर्मा सहित समस्त पंचायत सचिवों की मौजूदगी रही ।

# पांच साल में 10 हजार करोड़ शिक्षा पर करेंगे खर्च, बोले बाबा रामदेव- जो देश से पाया, उसे लौटाना है

एजेंसी



**देहरादून।** पतंजलि गुरुकुलम और आचार्यकुलम के शिलान्यास समारोह में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा- जो देश से पाया, उसे वापस लौटाना है। कहा कि पतंजलि गुरुकुल सनातन के ध्वजवाहक तैयार करेगा, जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे। पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर पतंजलि गुरुकुलम और आचार्यकुलम के शिलान्यास कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा, अभी 500 करोड़ की लागत से गुरुकुलम और आचार्यकुलम तैयार करने की योजना है। साथ ही अगले पांच सालों में पांच से 10 हजार करोड़ रुपये शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य है। कहा, जो देश से पाया, उसे इस देश को वापस लौटाना है। हमने महर्षि दयानंद के पदचिह्नों पर चलकर योगधर्म से राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा है। महर्षि दयानंद ने एक ओर वेद धर्म, सनातन धर्म की बात की तो दूसरी ओर राष्ट्र धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानी तैयार किए। हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए विशाल अर्थ साम्राज्य स्थापित किया। बाबा रामदेव ने कहा, पतंजलि गुरुकुल सनातन के ध्वजवाहक तैयार करेगा, जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा, स्वामी दर्शनानंद ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था, जिसे स्वामी रामदेव साकार कर रहे हैं। इस संस्था ने अपनी युवावस्था के गौरव को देखा है। कहा, कहीं न कहीं यह संस्था अपनी वृद्धावस्था की तरफ जा रही थी, लेकिन स्वामी के तप और पुरुषार्थ से यह पुनः अपने अतीत के गौरव को समेटे हुए वैभव प्राप्त करेगी।

**उज्जैन में गुरुकुल स्थापित करने के लिए आमंत्रण**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी रामदेव को उज्जैन में गुरुकुल स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने आह्वान किया कि स्वामी रामदेव मध्य प्रदेश से पतंजलि के सभी प्रकल्पों को संचालित करें।

# शराबियों के विरूद्ध विजयराघवगढ़ पुलिस की कार्यवाही

❖ 6 युवकों के विरुद्ध हुई 36 बी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई।

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय




**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश, एवं विजयराघवगढ़ एसडीओपी, केपी ,सिंह के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा शराबियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है और सतत कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों पर बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह से सख्ती बरती जा रही है। इसी तारतम्य में विजयराघवगढ थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर द्वारा अपने स्टॉफ के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले 6 युवकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा देवराकला में रोड के किनारे खुले में बैठकर शराब पी रहे सत्यप्रकाश उम्र 23 वर्ष, रामनाथ चैधरी उम्र 51 वर्ष, जितेंद्र बर्मन उम्र 35 वर्ष को पकड़ कर उनके विरूद्ध धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार पुलिस ने ग्राम कन्हवारा में भी पुलिस ने तीन लोगों को सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीते हुए पकड़ा है। संजय लोधी जो सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी प्रकार मंताकी पिता मिजाजी कुम्हार उम्र 48 वर्ष, निवासी कन्हवारा व हरिगोपाल पिता संतोकी पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी कन्हवारा को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पकड़ा गया। उक्त तीनों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में ~ अनूप सिंह ठाकुर निरीक्षक थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक मुकेश परस्ते, आरक्षक अंजनी झा, लालू यादव, हरिओम सिंह आदि की मुख्य भूमिका रही है!

# अनाथ गौ सेवा आश्रम भटनी को श्रीमती आर सी देवी सेवा समिति एकगडंगा द्वारा एक लाख रुपए का दिया गया सहयोग

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**नोनापार ।** एकडंगा निवासी ( हत्रद्ध अमेरिका) वीरेन्द्र प्रसाद एवं नोनापार निवासी विधिक सलाहकार राज तिवारी का सराहनीय पहल- श्रीमती आर सी देवी सेवा समिति के संरक्षक एकडंगा निवासी ( हत्रद्ध अमेरिका) वीरेन्द्र प्रसाद एवं नोनापार निवासी विधिक सलाहकार राज तिवारी (पूर्व वायुसेना) ने भटनी स्थित अनाथ गौशाला में गायों के लिए टीनशेड निर्माण का कार्य सेवा समिति कि तरफ़ से शुरू किया। अनाथ गौसेवा के संचालक मुकेश दीक्षित के निजी अनुरोध और उनके गौ सेवा से प्रभावित होकर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने यह सराहनीय पहल की। इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और भाजपा नेता शंशाक मणि त्रिपाठी, हितेंद्र तिवारी, अंबिकेश तिवारी, सिद्धु तिवारी, टिंकू तिवारी के साथ विधिक सलाहकार मानवाधिकार नोनापार निवासी राज तिवारी जी ने कार्यक्रम में शामिल हो कर गौशाला का निरीक्षण किया और सेवा समिति के संरक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार से वतालाप कर गाय माता कि सेवा में टीनशेड का निर्माण का संकल्प लिया। बात दे विरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम एकडंगा भटनी देवरिया पिछले 30 सालों से अमेरिका में रह रहे हैं और भारत में अपने स्व पिता के सुबेदार मेजर हरिहर प्रसाद के स्मृति में सेवा समिति चलाते हैं और भारत में सक्रिय रूप से विधिक सलाहकार राज़ तिवारी के साथ मिलकर पुनीत कार्य करते रहते हैं। सेवा समिति गौसेवा के साथ साथ आर्गिक खेती, महिला उत्थान, वृद्ध सेवा आदि समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# जान लेंगी ब्रा-लेस के फायदे, तो आप भी बदल देंगी अपना इरादा

**रात में ब्रा न पहनने के फायदे जानती हैं आप?**

अगर हम आपको कहें कि ब्रा न पहनना आपकी सेहत के साथ त्वचा को भी फाया पहुंचाता है तो शायद आप इसे न मानें। लेकिन ब्रा न पहनने के फायदों के बारे में जानकर शायद आप भी अपना इरादा बदल दें।

नई दिल्ली, लाइफस्टाइल डेस्क। आमतौर पर महिलाएं दिन के समय ज़रूरत के तौर पर ब्रा पहनती हैं। वे अपने स्तनों की सुरक्षा के लिए ऐसा करती हैं। लेकिन हर वक्त कसी हुई ब्रा पहनना सेहत और त्वचा के लिए सही नहीं होता। इसलिए रात में सोते वक्त इसे उतारने से काफी आराम पहुंचता है। यही वजह है कि महिलाओं को ब्रा-लेस होने की आवयश्कता है। बिस्तर पर ब्रा पहनकर सोना कम्फर्टेबल भी नहीं होता, ब्रा के वायर चुबते हैं, इसलिए इसके बिना सोएंगी तो आपको नींद भी अच्छी आएगी। आपको पसीना भी नहीं आएगा, इंफेक्शन नहीं होगा और आप बेहतर तरीके से सांस ले पाएंगी।

हालांकि, कई महिलाएं यह सोचती हैं कि ब्रा न पहनकर सोना सही है या नहीं। जिसका जवाब है-%हां%! तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि ब्रा लेस होने के क्या फायदे हैं।



चैन की नींद

एक बिज़ी दिन के बाद गार्मेंट्स को उतारने से फिज़िकल और मेंटल स्ट्रेस भी उतर जाता है। ज़्यादातर महिलाओं की शिकायत होती है कि वे ब्रा में कसा हुआ महसूस करती हैं। ऐसे में हर वक्त इसे पहने रहने से फंसा हुआ महसूस होता है। इसलिए इसे रात में ज़रूर उतार दें, इससे आप हल्का और बेहतर महसूस करेंगी। आपको बेहतर नींद आएगी और अगली सुबह खुशनुमा होगी।

दर्द होगा कम

ब्रा न पहनने से आपको सीने, बगल में और पीठ में दर्द नहीं होगा। हालांकि, यह सच है कि यह इस पर भी निर्भर करता है कि आप किस तरह की ब्रा पहनती हैं, लेकिन ब्रा आमतौर पर पीठ की मांसपेशियों पर, रिब्ज़ और यहां तक कि गर्दन पर प्रेशर डालती है। इसलिए शाम के वक्त इसे उतारने से आपको काफी राहत मिलेगी।

त्वचा होगी बेहतर

ब्रा उतारने से आपकी त्वचा को भी आराम पहुंचता है। इसके वायर्स और स्ट्रेप्स त्वचा में घुस जाते हैं, जिसकी वजह से स्किन लाल पड़ जाती है। इससे बैक्टीरिया और कीटाणुओं का जोखिम भी कम होता है और नमी से एक्ने भी नहीं होगा।

मेनोपॉज के बाद होने वाली ब्लीडिंग के कारण और इससे बचाव

ब्रेस्ट नहीं होते लूज़

ज़्यादातर महिलाओं को लगता है कि ब्रा न पहनने से उनके ब्रेस्?ट लूज़ हो सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। ब्रा कसी हुई होने की वजह से चेस्ट मसल्स को कमज़ोर बनाती है, जिससे ब्रेस्?ट में ढीलापन आ जाता है। हालांकि स्विमिंग, वर्कआउट और रनिंग जैसी एक्टिविटी के दौरान ब्रा ज़रूरी होती है।

बेहतर हो जाता है ब्लड सर्कुलेशन


ब्रा आमतौर पर टाइट होती है, जिससे सीने के आसपास ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप रात में ब्रा उतार कर सोएंगी, तो इससे आपकी त्वचा सांस ले पाएगी और ब्लड सर्कुलशन में भी सुधार होगा।

# मोहब्बत की पांच कसमें मजबूत बनाएंगी रिश्ता

## प्रॉमिस डे पर जरूर करें ये वादे







,नई दिल्ली। इश्क के इस सप्ताह में हर दिन प्यार करने वालों के लिए त्योहार की तरह है, वहीं जो लोग अपने क्रश या दोस्त के साथ रिलेशनशिप में आना चाहते हैं, उनके लिए मोहब्बत के इम्तिहान की तरह है। इस इम्तिहान का पास करने के लिए 7 फरवरी से हर दिन आशिक अपने प्रिय के लिए कुछ न कुछ खास करते हैं। वैलेंटाइन सप्ताह के पांचवे दिन प्रॉमिस डे मनाया जाता है। नाम से ही स्पष्ट है वादों का दिन। इश्क में कपल मोहब्बत की कसमें वादे लेते हैं। ये कसमें उनके रिश्ते में भरोसा और उम्मीद को बनाए रखने में मदद करती हैं। जब आप प्यार में होते हैं तो अपने पार्टनर की खुशी का ख्याल रखते हैं, उनके साथ अपना भविष्य सोचते हैं और इसी सपने को पूरा करने के लिए कई सारे वादे करते हैं। ऐसा करने से रिश्ते की डोर अधिक मजबूत होती है। इस प्रॉमिस डे पर कपल कुछ मोहब्बत की कसमें खा सकते हैं। अगर आपको यह नहीं पता कि पार्टनर के साथ कौन से वादे लेने चाहिए, तो यहां आपको कुछ मोहब्बत की कसमों और वादों के बारे में बताया जा रहा है।

**मोहब्बत का पहला वादा**

जैसे हो वैसे ही रहना- अक्सर ऐसा होता है कि जब कपल रिलेशनशिप में आता है तो वह पार्टनर की पसंद नापसंद को ध्यान में रखकर जीना शुरू कर देता है। अपनी पसंद और आदतों को छोड़कर पार्टनर की पसंद को अपना लेता है। ऐसे में पार्टनर का खुद का व्यक्तित्व खोने लगता है। शुरुआत में यह सब सामान्य और अच्छा लगता है लेकिन लंबे वक्त के साथ पार्टनर रिश्ते में दबाव महसूस करना शुरू कर देता है। ऐसे में इस प्रॉमिस डे के मौके पर कपल एक दूसरे से वादा कर सकते हैं कि वह जैसे हैं, वैसे ही उनको पसंद करेंगे। इस रिश्ते में वह पार्टनर को अपनी पसंद बदलने या उनकी पसंद के अनुरूप ढलने के लिए दबाव नहीं बनाएंगे।

**मोहब्बत का दूसरा वादा**

एक टीम - कपल एक दूसरे से वादा कर सकते हैं कि आप हमेशा एक टीम बनकर रहेंगे। जरूरत महसूस होने पर हमेशा साथ देंगे। पार्टनर के लिए आपके पास हमेशा समय रहेगा। उन्हें अकेलापन महसूस नहीं होने देंगे और अच्छे व बूरे वक्त में एक दूसरे को साथ पाएंगे।

**मोहब्बत की तीसरी कसम**

भरोसा- कोई भी रिश्ता भरोसे पर टिका होता है, इसलिए पार्टनर से वादा करें कि आप उनके भरोसे को बनाए रखेंगे। रिश्ते में धोखा नहीं देंगे। पार्टनर से झूठ नहीं बोलेंगे। हर कपल को रिश्ते को मजबूत बनाए रखने के लिए उन सभी कामों को करने की जरूरत होती है, जो उनके बीच विश्वास को बढ़ाए और उन हरकतों से दूरी बनानी पड़ती है तो भरोसे को डगमगा दे। इसलिए भरोसा करने और भरोसा बनाए रखने का वादा करें।

**इश्क का चौथा वादा**

सपने पूरे करने देंगे- कई बार रिलेशनशिप में पार्टनर अपने साथी के जीवन को डोमिनेट करने लगता है। पार्टनर के जीवन के फैसले भी उनका साथी करता है। इस प्रॉमिस डे पार्टनर से वादा करें कि उन्हें उनके फैसले लेने देंगे। पार्टनर के कुछ सपने हैं या लक्ष्य है तो उसके बीच में नहीं आएंगे, बल्कि उन्हें पूरा करने में हमेशा पार्टनर के साथ रहेंगे।

**इश्क का पांचवा वादा**

सम्मान - पार्टनर चाहता है कि रिश्ते में उन्हें वही सम्मान मिले जो उनका साथी अपने परिवार या अन्य सहयोगियों को देता है। अक्सर रिलेशनशिप में पार्टनर आपकी राय को अनसुना कर देते हैं। वह उम्मीद करते हैं कि पार्टनर उनकी इस हरकत पर नाराज नहीं होगा, क्योंकि वह तो अपने हैं। दूसरो को खुशी देने के चक्कर में कपल एक दूसरे को फॉर ग्रांटेड लेने लगते हैं और रिश्ते में अंडरस्टैंडिंग की उम्मीद करते हैं। लेकिन इस प्रॉमिस डे कपल एक दूसरे से वादा करें कि वह एक दूसरे को सम्मान देंगे। उनकी राय को महत्व देंगे और फैसले लेने का अधिकार देंगे।

# रियान पराग ने 56 गेंद पर जड़ा शतक

# टूटते-टूटते बचा ऋषभ पंत का यह रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी घरेलू टीम असम के लिए छत्तीसगढ़ के लिए तूफानी शतक लगाया। रणजी ट्रॉफी के ग्रुप बी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच के चौथे उन्होंने 56 गेंद पर सैकड़ा जड़ दिया। रायपुर में उन्होंने अपनी पारी में 12 छक्के और 11 छक्के लगाए। पराग ने रणजी ट्रॉफी इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया है। वह 87 गेंद पर 155 रन बनाकर आउट हुए। रियान पराग के शतक के बावजूद असम को हार का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ ने मैच में 10 विकटे से जीत हासिल की। उसने पहली पारी में 327 रन बनाए थे। असम की टीम पहली





पारी में 159 रन ही बना सकी थी। छत्तीसगढ़ को 168 रन की बढ़त मिली। उसने असम को फॉलोऑन खेलने पर मजबूत की। असम की टीम दूसरी पारी में रियान पराग के शतक की मदद से 254 रन तक पहुंची। इस तरह उसे 86 रन की बढ़त ही मिली। छत्तीसगढ़ ने 87 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। रियान पराग ने रणजी में दूसरा सबसे तेज शतक लगाया है। इस मामले में पहले स्थान पर ऋषभ पंत हैं। उन्होंने दिल्ली के लिए 2016 में झारखंड के खिलाफ 48 गेंद पर शतक लगा दिया था। पराग के बाद तीसरे स्थान पर नमन ओझा हैं। ओझा ने मध्य प्रदेश के लिए 2015 में 69 गेंद पर शतक जड़ा था। उन्होंने कर्नाटक के खिलाफ 81 गेंद पर 115 रन बनाए थे। उत्तर प्रदेश के लिए एकलव्य द्विवेदी 2014-15 रणजी सीजन में तूफानी पारी खेली थी। उन्होंने रेलवे के खिलाफ 72 गेंद पर शतक ठोक दिया था। एकलव्य ने 73 गेंद पर कुल 102 रन बनाए थे। उनके शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश की टीम अहम जीत मिली थी। ऋषभ पंत सबसे तेज शतक लगाने के मामले में पांचवें नंबर पर भी हैं। उन्होंने 2016-17 में झारखंड के खिलाफ 82 गेंद पर शतक ठोक दिया था। वह 106 गेंद पर 117 रन बनाकर आउट हुए थे। यह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

# संघर्ष से भरी रही जिंदगी

## परिवार की मदद के लिए स्कूल के दिनों में उठाया बड़ा कदम



बिग बॉस 16 में प्रियंका चाहर चौधरी धूम मचा रही हैं पर उनकी जिंदगी हमेशा से ऐसी नहीं थी। काफी संघर्षों के बाद प्रियंका के हिस्से इतनी शोहरत आई है। तो आइए नजर डालते हैं उनकी जर्नी पर...

नई दिल्ली, जेएनएन। 'बिग बॉस 16 का जब भी जिक्र आएगा तो आपके जेहन में एक नाम जरूर आएगा, वो है प्रियंका चाहर चौधरी का...' ये बिग बॉस के शब्द थे जब उन्होंने प्रियंका चाहर चौधरी को उनका जर्नी वीडियो दिखाया तो। प्रियंका अब देश के घर-घर में एक जाना पहचाना नाम बन चुकी हैं। शो के विनर के तौर पर उन्हें देखा जा रहा है। खबर है कि प्रियंका को सलमान खान और शाह रुख खान के साथ एक फिल्म भी मिल चुकी है। पर क्या उनके लिए वक्त हमेशा ऐसा ही था... तो जवाब होगा कि नहीं।



**संघर्ष में बीती प्रियंका की जिंदगी**

हाल ही में शालीन से बात करते हुए प्रियंका ने बताया कि उन्होंने कभी इस इंडस्ट्री में आने का नहीं सोचा था। उनके परिवार से इसमें कोई नहीं है। उन्होंने कहा 11वीं क्लास में ही मैंने एंकरिंग की शुरुआत की थी, ताकि फैमिली को सपोर्ट कर सकूं। फिर कुछ मॉडलिंग के असाइनमेंट मिल गए। शालीन ने प्रियंका के इस जज्बे की काफी तारीफ की कि वो अपनी फैमिली की हेल्प के लिए बचपन से सोचती थीं।



**छोटी उम्र में किया ये काम**

प्रियंका का असली नाम परी चौधरी है, लेकिन न्यूमरोलॉजिस्ट के कहने पर उन्होंने अपना नाम परी से प्रियंका कर लिया। प्रियंका को अपने करियर की शुरुआत में कुछ टीवी शो होस्ट करने को मिले, जिसके बाद उन्होंने म्यूजिक वीडियो में भी काम किया। साल 2019 में इन्हें टीवी सीरियल गठबंधन में देखा गया। इसी साल प्रियंका ने बोल्ड कंटेंट वाले उल्लू ऐप में एक वेब सीरीज में काम किया था




**एडल्ट फिल्मों में भी आ चुकी हैं नजर**

प्रियंका चाहर चौधरी 'पेंडिंग लव', 'लतीफ टू लादेन' और 'कैंडी ट्विस्ट' जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकीं हैं। लेकिन उन्हें असली पहचान कलर्स के शो उड़ारियां से मिली। जिसके बाद अब वो बिग बॉस 16 में धूम मचा रही हैं। बीबी 16 की सबसे स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट हैं- प्रियंका चाहर और उनकी शो जीतने की पूरी उम्मीद है। प्रियंका अपने परिवार की इकलौती कमाने वाली सदस्य हैं, इसका जिक्र वो शो में भी कर चुकी हैं।

# चेहरे के लिए लाभकारी है अंगूर, जानिए इसके फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका

## अंगूर के रस से दूर करें ये स्किन प्रॉब्लम





**अंगूर के इस्तेमाल से आप स्किन संबंधित समस्या से राहत पा सकते हैं। यह पोटैशियम साइट्रिक एसिड और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। जो स्किन को अच्छे से साफ करते हैं। आइए जानें चेहरे पर अंगूर का इस्तेमाल कैसे करें।**

**नई दिल्ली,** लाइफस्टाइल डेस्क। ग्लोइंग त्वचा पाना हर महिला की चाहत होती है। लेकिन बदलते मौसम, प्रदूषण, गलत खानपान के कारण स्किन संबंधी समस्या आम है। आप चमकदार और निखरती त्वचा के लिए न जाने कितने महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। नेचुरल निखार के लिए आप अंगूर का भी प्रयोग कर सकते हैं। जी हां, स्किन केयर रूटीन में अंगूर शामिल कर त्वचा की रंगत निखार सकती हैं। अंगूर सेहत के साथ स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। यह विटामिन-सी, विटामिन-के और एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो स्किन को चमकदार बनाने में मदद करते हैं। आप अंगूर का इस्तेमाल कर स्किन की कई समस्या से राहत पा सकती हैं।

1.बेसन के साथ

### सामग्री

2 चम्मच अंगूर का रस, 1 चम्मच बेसन, 1 चम्मच हल्दी,

### बनाने का तरीका

सबसे पहले एक बाउल में एक चम्मच बेसन लें, इसमें हल्दी और अंगूर का रस मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे चेहरे पर लगाएं, करीब 10-15 मिनट बाद पानी से धो लें।

### 2. शहद और अंगूर का रस

यह फेस पैक चेहरे पर मौजूद डार्क स्पॉट की समस्या को दूर करने में सहायक है। इसके लिए एक बाउल में अंगूर का रस लें, इसमें 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। कुछ मिनट बाद चेहरा धो लें।

### स्किन के लिए अंगूर के फायदे

अंगूर में साइट्रिक एसिड पाया जाता है, जो स्किन के दाग-धब्बे को दूर करने में मददगार है। नियमित रूप से चेहरे पर अंगूर के रस का इस्तेमाल कर बेदाग त्वचा पा सकती हैं। अंगूर में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट गुण त्वचा की झुर्रियों को कम करते हैं। यह त्वचा को जवां बनाए रखता है। त्वचा पर अंगूर का इस्तेमाल कर आप सनबर्न की समस्या से भी राहत पा सकते हैं। इसमें कोलेजन पाया जाता है, जो स्किन के लिए कारगर है।

# दिल की बीमारी से बचना चाहते हैं, तो आज से ही इन तेलों में पकाएं खाना

**नई दिल्ली,** । आजकल गलत खानपान और बदलती लाइफस्टाइल के कारण दिल से संबंधित बीमारी आम होती जा रही है, लेकिन आप खानपान में बदलाव कर हार्ट को मजबूत रख सकते हैं। आमतौर पर लोग खाना पकाने के लिए सरसों तेल, रिफाइंड ऑयल, घी आदि का इस्तेमाल करते हैं। जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने की संभावना रहती है, जो दिल की सेहत



के लिए हानिकारक है। खाना बनाने के लिए सही तेल का चुनाव करना बहुत जरूरी है, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। चलिए जानते हैं, हेल्दी हार्ट के लिए के लिए कौन-से तेल बेस्ट हो सकते हैं।

### 1.जैतून का तेल

जैतून के तेल में एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। साथ ही इसमें हेल्दी फैट्स भी मौजूद होते हैं। जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल रखता है। जिससे आप दिल से जुड़ी बीमारी से बच सकते हैं।

### 2.सूरजमुखी का तेल

सनफ्लॉवर ऑयल में विटामिन-ई और एंट ऑक्सीडेंट गुण पर्याप्त मात्रा में होते हैं, जो हार्ट संबंधित जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हेल्दी हार्ट के लिए खाने में सूरजमुखी के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्पलेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित। RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।